www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

20 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 60

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

शाहरुख की पत्नी गौरी खान को इडी का नोटिस, लखनऊ की रियल स्टेट कंपनी से जुड़ा है मामला।



### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

## एक-एक पाई इकट्ठा कर देंगे आवास: हेमंत सोरेन



**मुख्यमंत्री ने योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया, परिसंपत्ति-नियुक्ति पत्र बांटे और लाभुकों से बातचीत की**

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांव में बसती है। सरकार गठन से पूर्व मैंने कहा था कि हमारी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा। योजनाओं का लाभ देने के लिए लोगों को प्रखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाया जायेगा। आपकी सरकार खुद आपके द्वार आकर समस्याओं का समाधान करेगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए तीसरी बार 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभी शिविरों का लाभ उठायें। सरकारी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है। एक-एक पाई इकट्ठा कर जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला की कसीरा पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण बस सेवा, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, रोजगार, कौशल विकास, खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और सम्मान, फूलो झानो आशीर्वाद योजना आदि से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लोग लाभ लें। बच्चों को शिक्षित करें। महिलाएं हड़िया-दारू बेचना छोड़ योजनाओं का लाभ लें। हेमंत सोरेन ने कहा कि युवा, महिला, बच्चे, किसान, गरीब, पिछड़े, आदिवासी आदि सभी के लिए सरकार ने योजनाएं तैयार की हैं। सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी राज्य पूरी तरह से विकसित हो सकेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 402 करोड़ रुपये की 105 योजनाओं का शिलान्यास और 64 करोड़ रुपये की 45 योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने 1,45,091 लाभुकों के बीच 204 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया। साथ ही अनुकंपा और डीएमएफटी के तहत 85 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मंत्री बादल और विधायक भूषण तिर्की और जिगा सुसारण होरो समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन

# तीन विधायक निलंबित

- भाजपा के भानु और बिरंची को मार्शल ने टांग कर किया बाहर, जेपी पटेल भी निलंबित
- भाजपा के अन्य विधायकों ने सदन का किया बहिष्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का मंगलवार को तीसरा दिन था। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने बाहर में प्रदर्शन कर अपना तेवर दिखा दिया था। सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही भाजपा के विधायकों ने नियोजन नीति, रोजगार, पंचायत सेवकों आंदोलन आदि को लेकर विरोध शुरू किया और सरकार से इस पर जवाब मांगा। भाजपा विधायकों ने प्रश्नकाल को बाधित किया। वे वेल में पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

उनके हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने पहले भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही और बिरंची नारायण को निलंबित किया। उन्हें मार्शलों ने टांग कर सदन के बाहर किया। इसके कुछ मिनट बाद ही विधायक जेपी पटेल को भी निलंबित कर दिया गया। भाजपा के अन्य विधायकों ने इस निलंबन पर नाराजगी जतायी और सदन का बहिष्कार कर बाहर निकल गये। बाद में भाजपा के सभी विधायकों ने विधानसभा परिसर में अटल मूर्ति के सामने धरना देकर विरोध जताया।

(पेज-3 भी देखें)

## लोकसभा से 49 सांसद निलंबित

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन मंगलवार को विपक्ष ने सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने सदन के गेट और परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह से तीन बार स्थगित की गयी। इसके बाद लोकसभा से विपक्ष के 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। अब कुल 141 सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। अब तक लोकसभा से 107 और राज्यसभा से 34 सांसद निलंबित किये जा चुके हैं। निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। राज्यसभा और लोकसभा से 14 दिसंबर, 18 दिसंबर और 19 दिसंबर को कुल 141 सांसद सस्पेंड हुए। इनमें कांग्रेस के 57, एनसीपी के 4, डीएमके के 21, सीपीआइ (एम) के 5, सीपीआइ के 3, जदयू के 14, नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 , तृणमूल कांग्रेस के 21, सपा के 4, बसपा का एक, राजद के 2, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के 3, आप का एक, केरला कांग्रेस का एक, झामुमो का एक, वीसीके का एक और आरएसपी के एक सांसद हैं।

## 'विपक्ष को अपनी जगह रहने का मन'

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद सुरक्षा चूक मामले पर विपक्ष को घेरा। भाजपा संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने स्थान पर (विपक्ष में ही) बने रहने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध मारी, कुछ दल एक तरह से उनके समर्थन में आवाज उठा रहे हैं। यह सेंधमारी की ही तरह खतरनाक है। भाजपा की संसदीय दल की बैठक संसद के लाइब्रेरी परिसर में हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठक में शामिल हुए। इस



बैठक में मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाले हर व्यक्ति को संसद परिसर में हुई घुसपैठ की घटना की निंदा करनी चाहिए, पर कुछ पार्टियां सुरक्षा चूक के मामले को सपोर्ट कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में मिली हार से परेशान है। अपनी बौखलाहट में संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं से संयम बरतने और लोकतांत्रिक नियमों का पालन करने को कहा।

## आइपीएल के इतिहास में सबसे महंगे बिके स्टार्क

**24.75 करोड़ रुपये में केकेआर ने खरीदा**



एजेंसी


**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) का मिनी ऑक्शन दुबई में जारी है। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें 24.75 करोड़ रुपये में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा। उनके लिए गुजरात ने भी आखिर तक बोली लगायी। अनकैप्ड बैटर समीर रिजवी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। अनकैप्ड शुभम दुबे 5.80 करोड़ रुपये में बिके, उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा। दोनों की बेस प्राइस 20 लाख रुपये थी।

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपये में बिके। उन्हें स्टार्क से डेढ़ घंटे पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था। हर्षल पटेल इस ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय बने। उन्हें 11.75 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने खरीदा। यूपी टी-20 लीग में चमकने वाले 20 साल के अनकैप्ड बैटर समीर रिजवी के लिए बिडिंग वॉर देखने को मिला। उनके लिए चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में लड़ाई देखने को मिली। आखिर में चेन्नई ने उन्हें बेस प्राइस से 42 गुना ज्यादा कीमत देकर 8.40 करोड़ रुपये में खरीद लिया। समीर की बेस प्राइस 20 लाख रुपए थी। रिजवी यूपी टी-20 लीग में टॉप रन स्कोरर रहे थे।

विदर्भ के अनकैप्ड लेफ्ट हैंड बैटर शुभम दुबे को बेस प्राइस से कई गुना ज्यादा बोली मिली। उनके लिए राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स में बिडिंग वॉर हुआ। उन्हें आखिर में राजस्थान ने ही बेस प्राइस से 29 गुना ज्यादा कीमत देकर 5.80 करोड़ रुपये में खरीद लिया। शुभम की बेस प्राइस 20 लाख रुपये थी। इस सेट में अंगकृष रघुवंशी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 लाख रुपये में खरीदा।

## बॉलीवुड की एक्ट्रेस कंगना रनोट भाजपा से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

**मनाली (आजाद सिपाही)।** हिमाचल की रहने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट अगले साल भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। यह जानकारी उनके पिता अमरदीप रनोट ने दी है। उन्हें किस सीट से टिकट मिलेगा यह पार्टी तय करेगी। कंगना ने दो दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके कुल्लू स्थित घर पर मुलाकात की थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,100 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, बुधवार,20 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी भाजपा

## ■ पीएम मोदी ने अपनी 'गारंटी' को बना लिया सबसे महत्वपूर्ण हथियार

## ■ पहली बार वोट देनेवाले और गरीबों को साधने के लिए तैयार हो रही रणनीति

## ■ महिलाओं और ओबीसी वोट के लिए भाजपा ने बना रखी है खास योजना

**दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। देश में हर तरफ चुनावी गतिविधियों की धमक महसूस की जाने लगी है। पिछले साढ़े नौ साल से देश पर शासन कर रही भारतीय जनता पार्टी और इसके शीर्षस्थ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैसे तो हर समय चुनावी अग्नि परीक्षआ के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन इस आम चुनाव को जीतने और लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए कुछ खास तैयारी की जा रही है। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में 'मोदी गारंटी' के जादुई असर को देखते हुए भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भी इसको अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने का फैसला किया है। विपक्षी दलों द्वारा उठाये जानेवाले तमाम मुद्दों की काट के लिए भाजपा ने 'मोदी गारंटी' के स्वरूप को विस्तार देने की रणनीति तैयार की है, जिसके केंद्र में फर्स्ट टाइम वोट देने वाले रहेंगे। भाजपा का मानना है कि युवा मतदाताओं को साधने के लिए उनके जैसी सोच जरूरी है। पीएम मोदी ने हाल की अपनी वाराणसी और सूरत यात्रा के दौरान इसका संकेत भी दे दिया। इसके अलावा भाजपा ने गरीबों, महिलाओं और ओबीसी वर्ग के लिए कुछ ऐसी ठोस योजनाएं लेकर आनेवाली है, जिनकी मदद से उनका समर्थन हासिल किया जा सकेगा। भाजपा की तैयारी को देख कर ऐसा लगने लगा है कि इस बार भाजपा 2019 में 303 सीटें जीतने का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। क्या है भाजपा की पूरी योजना और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब चुनावी महायज्ञ से कुछ ही कदम की दूरी पर है। हर राजनीतिक दल अपने-अपने हिसाब से इसकी तैयारी में जुट गया है। पिछले दो चुनावों में शानदार जीत हासिल करनेवाली दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, यानी भारतीय जनता पार्टी अपने सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश में जुट गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी और सूरत की अपनी दो दिवसीय यात्रा के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों का एलान कर दिया है। 2014 और 2019 में भी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का श्री गणेश भी उन्होंने बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से ही किया था। दोनों ही बार नये रिकॉर्ड के साथ केंद्र की सत्ता में पहुंचे नरेंद्र मोदी के लिए इस बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने की चुनौती होगी। वह अब तक हर बार पहले से ज्यादा बहुमत के साथ जीतते रहे हैं। ऐसे में इस बार यह देखने की बात होगी कि क्या वह अपनी पिछली सीटों की संख्या में कोई बढ़ोतरी कर पाते हैं या नहीं।

भाजपा ने 2024 में 'मिशन 400' का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए खास रणनीति तैयार की है। अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री और भाजपा 'मोदी की गारंटी' पर जोर दे रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री अपने संबोधनों में लगातार बार-बार 'मोदी की गारंटी' का जिक्र कर रहे हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनावों में भी लगातार इस शब्द समूह का उपयोग किया गया। जिस तरह भाजपा इसका बार-बार प्रचार कर रही है, लोकसभा चुनाव में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में इसका उल्लेख किया जा सकता है। 'मोदी की गारंटी' के नाम से जनता से कुछ वादे किये जा सकते हैं। ये वादे ऐसे हो सकते हैं, जो भाजपा को जीत की गारंटी दे सकें। यानी 'मोदी की गारंटी' भाजपा के लिए 'जीत की गारंटी' बन कर उभरे, पार्टी इस बात की कोशिश करेगी।



इसी रणनीति के तहत पीएम मोदी ने अपने दौरे के दौरान युवाओं पर फोकस रखा। 2024 के चुनाव में करीब 12 करोड़ ऐसे वोटर होंगे, जो पहली बार मतदान करेंगे, यानी फर्स्ट टाइम वोटर। 2019 के चुनाव में भी युवा वोटरों ने बड़ी संख्या में भाजपा का समर्थन किया था। इसलिए भाजपा इस बार भी उन्हें साधने में पूरी ताकत लगायेगी। आनेवाले दिनों में 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं से संपर्क और समन्वय बढ़ाने के लिए भाजपा की तैयारी के तहत पीएम मोदी ने सूरत में युवाओं की सबसे बड़ी जरूरत, यानी रोजगार की जम कर बात की। पार्टी का मानना है कि युवा वर्ग के वोट बैंक में आधार बढ़ाने से 'मिशन 400' की राह को पूरा करना आसान होगा। पार्टी का मानना है कि इस आयु वर्ग के मतदाता बीते 10 सालों से मोदी सरकार के कार्यकाल को ही देख रहे हैं। पार्टी के नेताओं का मानना है कि मोदी सरकार की ओर से राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे से जुड़ी उपलब्धियों को इस वर्ग ने करीब से देखा है। ऐसे में इस वर्ग को 'मोदी की गारंटी' के नाम पर लोकसभा चुनाव के लिए साधना आसान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही साफ कर चुके हैं कि गरीब, महिला, किसान और नौजवान ही उनके लिए जाति है। इसलिए पार्टी ने नौजवानों को साधने की योजना बनायी है।

पार्टी के युवा मोर्चा की ओर से एक ओर जहां नये मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर नमो एप पर अपलोड की जायेगी। वहीं, इस आयुवर्ग के मतदाताओं को विकसित भारत का एम्बेसडर भी बनाया जायेगा। महिला मोर्चा भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों में इस आयु वर्ग की महिला डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षकों आदि को जोड़ने के लिए अभियान चलायेगा। सूत्रों के मुताबिक इस आयुवर्ग के मतदाताओं का पूरा डाटा पार्टी ने जुटाया है। आगामी दिनों में युवा मतदाताओं को साधने के लिए सम्मेलन और प्रतियोगिताएं भी कराने पर विचार चल रहा है। पार्टी के बूथ कार्यकर्ता लगातार इस वर्ग के बीच रह कर उन्हें पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

पीएम मोदी ने सूरत शहर में दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कांप्लेक्स का उद्घाटन किया। इस सूरत डायमंड बोर्स को 67 लाख वर्ग फुट में बना दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय कांप्लेक्स करार दिया जा रहा है। मोदी ने दावा किया कि इसके बनने के बाद सूरत में 1.5 लाख नयी नौकरियों का सृजन होगा। सूरत का हीरा बाजार अकेले अपने दम पर आठ लाख नौकरियां देता है। अब उसके रोजगार सृजन में बड़ी वृद्धि होने का अनुमान है। सूरत के हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर की उड़ानें प्रदान करने की सुविधा मिलने से भी यहां रोजगार में वृद्धि होने की संभावना है। अपने संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने 'मोदी की गारंटी' शब्द समूह का इस्तेमाल किया। इस गारंटी में देश की जनता के लिए वैश्विक स्तर पर भारत की नयी पहचान बनाने के साथ-साथ रोजगार मिलने की गारंटी देने का संदेश भी शामिल है। मोदी की यह गारंटी युवाओं को आकर्षित करने वाली हो सकती है।

इस तरह पीएम मोदी के एक हाथ में विकास का मंत्र है, तो महिलाओं और ओबीसी वर्ग को लुभाने के लिए दूसरे हाथ से वह धर्म की माला भी जप रहे हैं। वाराणसी में जिस तरह नमो घाट और काशी के जीर्णोद्धार का उन्होंने प्रयास किया है, भाजपा को उसका लाभ अवश्य मिलेगा। काशी की धर्म परंपरा को तमिल की धर्म परंपरा से जोड़ने की कोशिश और देश के दोनों छोरों को सीधे रेल नेटवर्क से जोड़ने से भी एक नया संदेश जायेगा। एक महीने से भी कम समय के अंतर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। इसी महीने के अंदर में अयोध्या के हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू हो जायेंगी। इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे भी उत्तरप्रदेश के विकास और धार्मिक पर्यटन को एक नयी ऊंचाई मिलने वाली है। पीएम मोदी की विकास और धर्म की यह राजनीति भाजपा को तीसरी बार भी सत्ता में ले आये, तो इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसे पूरी तरह 'मोदी की गारंटी' ही कहा जायेगा।

## राजनीतिक हलचल

## 2024 के लिए कांग्रेस का एक और दांव, बनायी राष्ट्रीय गठबंधन समिति, निकलेगा सीट बंटवारे का फार्मूला

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर एक गठबंधन समिति बनाने का एलान किया है। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस के सीनियर नेता और पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक के संयोजन में तत्काल एक पांच सदस्यीय राष्ट्रीय समिति बनायी जायेगी, जिसमें पार्टी ने दो पूर्व सीएम अशोक गहलोत और भूपेश बघेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और पूर्व महासचिव मोहन प्रकाश को रखा है। इस समिति के जरिए कांग्रेस कई संकेत देने की कोशिश करती नजर आयी। दरअसल, क्षेत्रीय दलों की ओर सीट बंटवारे और राज्यों में तालमेल को लेकर



कांग्रेस पर दबाव बन रहा है। एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते कांग्रेस को ही अलग-अलग दलों के साथ तालमेल करना है। अभी तक पांच राज्यों के नतीजों को देखते हुए ज्यादातर क्षेत्रीय दल शांत थे, लेकिन टीएमसी, एसपी, जेडीयू और आप जैसे दलों की ओर से लगातार बयान आ रहा था। मध्य प्रदेश चुनावों में तो बाकायदा कांग्रेस-एसपी के बीच तनातनी हो गयी थी। अगर हालिया चुनावों में हिंदी पट्टी के राज्यों में कांग्रेस को जीत मिलती तो कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की मांग को अपनी शर्तों के साथ ढाल सकती थी, लेकिन इन राज्यों में हुई हार ने कांग्रेस की बारगेनिंग ताकत को कम किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस ने अपने क्षेत्रीय घटक की ओर से लगातार बनाये जा रहे दबाव के मद्देनजर विपक्षी खेमे इंडिया की चौथी अहम बैठक से ऐन पहले राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन समिति बना कर विभिन्न राज्यों में तालमेल को लेकर एक नरम रुख का संदेश दिया है। वैसे यह समिति इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के लिए सीट बंटवारे और पार्टी हितों का ध्यान रखेगी। वहीं पार्टी ने इस समिति में गहलोत, वासनिक, मोहन प्रकाश जैसे अनुभवी और सीनियर नेताओं को शामिल कर संकेत देने की कोशिश की है कि पार्टी दूसरे दलों के साथ मिल कर काम करने के लिए तैयार है। इन तीनों ही नेताओं के पास संगठन का लंबा अनुभव होने के साथ दूसरे दलों के नेताओं के साथ भी अच्छे संबंध है। इसी के साथ पार्टी ने हाल ही सत्ता खोने वाले अपने दोनों मुख्यमंत्रियों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी देकर सभी को साथ लेकर चलने का संकेत भी दिया है।

## तेजी से भर रहा कांग्रेस का खजाना!

### क्राउड फंडिंग से महज छह घंटे में पार्टी ने जमा किये एक करोड़ रुपये

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग का अभियान शुरू किया है। नाम दिया गया है डोनेट फॉर देश। पार्टी का दावा है कि इस अभियान के तहत मात्र छह घंटे में क्राउड फंडिंग के जरिये कांग्रेस पार्टी ने एक करोड़ रुपये जुटा लिये हैं। बता दें कि इस क्राउड फंडिंग के लिए खुद खड़गे ने एक लाख 38 हजार रुपये का दान दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन का कहना है कि यह बेहतर भारत के लिए दान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 138 साल की यात्रा की याद दिलाता है। उन्होंने आगे कहा कि हम समर्थकों को 138 रुपये या एक हजार 380 रुपये या 13 हजार 800 रुपये या उससे अधिक के गुणकों में दान करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो बेहतर भारत के लिए पार्टी की स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कांग्रेस अपने ऑनलाइन जनसहयोग अभियान देश के लिए दान करें अभियान को 28 दिसंबर तक चलायेगी। इस दौरान पार्टी जमीनी स्तर पर भी अभियान चलायेगी। पार्टी नेता ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को इस अभियान के बारे में बतायेंगे। कांग्रेस ने इस अभियान की शुरुआत पार्टी की स्थापना के 138 साल पूरे होने के मौके पर की।

## मिशन 2024: कांग्रेस से चार गुना राज्यों में भाजपा की सरकार, सात गुना ज्यादा पूंजी, जीत का मनोबल भी हाई

लोकसभा चुनाव होने में अब कुछ ही महीने शेष हैं। एक तरफ जहां भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की जुगत में है, तो वहीं कांग्रेस भी अपनी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बना रही है। इस बीच कुछ आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी और कांग्रेस के बीच कई बड़े अंतर हैं, जिनका लोकसभा चुनावों पर गहरा असर पड़ सकता है। चुनावों पर नजर रखनेवाली संस्था द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस न केवल सत्ता और लोकप्रियता, बल्कि संपत्ति और संसाधन के मामले में भी भाजपा से बहुत ज्यादा पीछे है। वहीं, कांग्रेस ने हाल ही में तीन राज्यों की सत्ता भी खो दी है, जबकि भाजपा ने अपने शासन वाले राज्यों की संख्या बढ़ा ली है।



### भाजपा पूंजी के मामले में कांग्रेस से सात गुना आगे

पहले बात एडीआर रिपोर्ट की। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बीजेपी की कुल संपत्ति 4990.195 करोड़ रुपये थी, जो अगले वित्त वर्ष 2021-22 में 21.17% बढ़ कर 6046.81 करोड़ हो गयी। वहीं कांग्रेस की संपत्ति वित्त वर्ष 2020-21 में 691.11 करोड़ रुपये थी, जो अगले वित्त वर्ष 2021-22 में 16.58% ही बढ़ी। अब उसके पास कुल 805.68 करोड़ की संपत्ति है। एडीआर रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में सबसे अधिक कांग्रेस ने 41.95 करोड़ की देनदारी घोषित की है, जबकि बीजेपी पर सिर्फ 5.17 करोड़ की देनदारी है। इस तरह, वित्त वर्ष 2021-22 में बीजेपी के पास कुल 6041.64 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस के पास 763.73 करोड़ की पूंजी होने का आधिकारिक आंकड़ा है। यानी भाजपा पूंजी के मामले में कांग्रेस से करीब सात गुना आगे है।

### सत्ता की हिस्सेदारी में भाजपा बहुत आगे

यूं तो पिछले लोकसभा चुनावों से खासा स्पष्ट हो गया है कि मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अलग-अलग कसौटियों पर मतदान करते हैं। राज्यों के चुनावों में जहां स्थानीय मुद्दों पर वोट होता है, तो आम चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे हावी रहते हैं। यही वजह है कि जिन राज्यों में मतदाताओं ने कांग्रेस को शासन की बागडोर सौंपी, उन्हीं राज्यों के वोटर लोकसभा चुनावों के वक्त भाजपा के साथ चले गये। फिर भी अगर मान लिया जाये कि राज्य में सरकार होने का लोकसभा चुनावों पर तनिक भी असर तो होता ही होगा, तो इस मामले में भी कांग्रेस पार्टी भाजपा के कोसों पीछे है। भाजपा अपने दम पर 11 राज्यों में सरकार चला रही है, जबकि 12वें प्रदेश हरियाणा में उसकी गठबंधन सरकार है, लेकिन मुख्यमंत्री पद उसी के हिस्से है। वहीं, चार अन्य राज्यों में बीजेपी सरकार में शामिल है। दूसरी तरफ कांग्रेस के सिर्फ तीन राज्यों में अपने मुख्यमंत्री हैं, जबकि तीन अन्य राज्यों की सरकार में वह गठबंधन साथी के रूप में शामिल है।

### जीत का मनोबल भाजपा के पास

इन सबके बीच यह जिक्र करना भी प्रासंगिक होगा कि हालिया चुनाव में तीन राज्यों की सत्ता पर काबिज होकर भाजपा का मनोबल सातवें आसमान पर है, तो लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ी मायूसी हाथ लगी है। भाजपा ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों को धराशायी कर दिया और सत्ता अपने हाथ में ले ली। वहीं, मध्यप्रदेश की अपनी सरकार बचाने में भी कामयाब रही। कांग्रेस को दक्षिण के राज्य तेलंगाना में जीत जरूर मिली, लेकिन उत्तर के । तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली बड़ी हार ने उसका रंग फीका कर दिया। विधानसभा चुनावों के लिए 3 दिसंबर को आये नतीजों ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए फिलहाल माहौल तैयार कर दिया। स्वाभाविक तौर पर भाजपा अपने 56 इंच के सीने के साथ आगे बढ़ेगी, वहीं कांग्रेस दमखम जुटाने का भरपूर प्रयास करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 °c | 09.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन: विधानसभा में नियोजन नीति के मुद्दे पर मुखर दिखी भाजपा

# सदन के बाहर और भीतर हंगामा

**विधानसभा में आमने-सामने आये सत्ता और विपक्ष के विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में नियोजन नीति के मुद्दे पर मंगलवार को भाजपा के विधायक काफी मुखर नजर आये। सदन के बाहर तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते दिखे। वहीं सदन की कार्यवाही 11 बज कर 9 मिनट पर जैसे ही शुरू हुई, नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक वेल में पहुंच गये और जोरदार हंगामा करने लगे। भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने नाराजगी भी जतायी। हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12.30 तक स्थगित कर दी। इससे पहले सदन में भानु प्रताप शाही ने राज्य में नियुक्तियां नहीं होने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति नहीं होने के कारण परीक्षाएं रद्द हो रही हैं। युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है।






विधायक प्रदीप यादव ने लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। नतीजतन कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दोबारा जब कार्यवाही शुरू हुई, तो भाजपा के विधायक फिर हंगामा पर उतर आये। स्पीकर के लाख समझाने पर जब नहीं माने, तो स्पीकर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए तीन विधायकों को सस्पेंड कर दिया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें ।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी, भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भरोसा किया ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

## प्रश्नकाल में विधायकों ने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया

- **अंबा प्रसाद:** केंद्र और दूसरे राज्यों की तरह यहां भी कामकाजी महिलाओं विशेषकर सरकारी विभागों में कार्यरत महिलाओं के लिए दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिया जाना चाहिए।
- **मंगल कालिंदी:** हो भाषा की पढ़ाई स्कूल से महाविद्यालयों तक सुनिश्चित की जाये।
- **दीपिका पांडेय सिंह:** महगामा में बार एसोसिएशन का भवन बनाया जाना चाहिए।
- **भूषण बाड़ा:** सिमडेगा जिले में खडिया भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति की जाये।
- **इरफान अंसारी:** जामताड़ा के जयपालपुर में सात वर्षों से बंद पडे लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम को चालू किया जाये, ताकि 12 हजार किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।
- **समीर मोहंती:** बहरागोड़ा में 108 एंबुलेंस सेवा को तत्काल शुरू किया जाये।
- **उमाशंकर अकेला:** हजारीबाग में पांच किमी इको सेंसेटिव एरिया को एक किमी तक में ही सीमित किया जाना चाहिए।
- **संजीव सरदार:** विधानसभा क्षेत्र में हाइस्कूल का अभाव और इसके लिए राजेंद्र मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करते हुए हाइस्कूल में बदला जाये।
- **शिल्पी नेहा तिर्की:** हाइस्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पड़े 10 हजार पद और झारखंड पुलिस के 15 हजार रिक्त पदों पर बहाली की जाये।
- **पूर्णिमा नीरज सिंह:** झारखंड में राज्य महिला आयोग को मजबूत करने और महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा के लिए अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अविलंब हो।
- **राजेश कच्छप:** सरला बिरला स्कूल राजाचलातू वाली सड़क की मरम्मति नहीं होने से परेशानी हो रही है। इसकी मरम्मत करायी जाये।
- **विनोद सिंह:** सउदी अरब में फंसे झारखंड के मजदूरों को वापस लाया जाये और बकाया मानदेय दिलाया जाये।
- **बिक्सल कोनगाड़ी:** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में बन रही सड़कों से एसटी समाज के लोगों और वन क्षेत्र को उजाड़ने से बचाया जाये और सिमडेगा में फ्लाइओवर बनाया जाये।
- **सरयू राय:** कुड़माली को कुरमाली भाषा के तौर पर नोटिफाई किया जाये और राज्यादेश जारी करने की पहल हो।
- **लंबोदर महतो:** बीआरपी, जेएसएसपीएस, आंगनबाड़ी कर्मी, सहायक अध्यापक सहित अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मियों को स्थायी किया जाये।
- **रामचंद्र सिंह:** लातेहार में वनरोपण में लापरवाही, मुआवजा भुगतान अविलंब कराया जाये।
- **मथुरा प्रसाद महतो:** स्कूल, महाविद्यालय में जनजातीय भाषा, क्षेत्रीय भाषाओं में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षकों की नियुक्ति सरकार जल्द करे।
- **सुनीता चौधरी:** जलसहिया, आंगनबाड़ी कर्मी, पारा शिक्षकों को उचित सुविधाओं के साथ इएसआइ, पीएफ वगैरह का प्रावधान किया जाये।

## सरकार पर पोशाक घोटाले का आरोप

# बच्चों को भी नहीं छोड़ रही सरकार : बाबूलाल

- **घटिया पोशाक की हुई खरीदारी: मनीष**
- **टेंडर नहीं मिला, तो नाराज हो गये: अकेला**




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विपक्ष ने राज्य सरकार पर पोशाक घोटाला का आरोप लगाया है। यह आरोप हजारीबाग जिला शिक्षा विभाग पर लगा है। विधायक स्कूल में दिये गये स्वेटर और कपड़ों को लेकर विधानसभा पहुंचे और सरकार से सवाल किया। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बच्चों को भी नहीं छोड़ रही हेमंत सरकार। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि रूल के हिसाब से डीबीटी से पैसा भेजना है, लेकिन सरकार में पैठ रखनेवाले लोगों को बिना टेंडर के स्वेटर वितरण करने का जिम्मा दे दिया गया। जिसने इसे वितरित किया, उसने थर्ड क्लास का कपड़ा दिया है। किसी को फटा हुआ, तो किसी को बड़ा स्वेटर दिया गया है। इस मामले में सरकार में बैठे बड़े लोगों तक कमीशन पहुंचा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस पर जांच कर कार्रवाई करे। इधर, कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार ने बच्चों को बेहतर स्वेटर और पोशाक दिया है। मनीष जायसवाल को टेंडर नहीं दिया गया, इस वजह से बौखला गये हैं। सभी बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है।

## तीन विधायकों के निलंबन के बाद गरमाया सदन

# सस्पेंड विधायक बोले: तानाशाही नहीं चलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हंगामा करने के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र कुमार महतो ने भाजपा के तीन विधायकों बिरंची नारायण, जेपी पटेल और भानुप्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के बाद भाजपा विधायकों ने तानशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया। भाजपा विधायकों ने सदन का बहिष्कार भी किया। बिरंची नारायण ने कहा कि स्पीकर मुख्यमंत्री के कहने पर निर्णय लेते हैं। उनके पास अपना दिमाग नहीं है। ऐसे स्पीकर को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। बिरंची नारायण ने कहा कि हम कार्य स्थगन प्रस्ताव पढ़ने की मांग कर रहे थे। कुछ गलत नहीं किया। इन्होंने माइंडसेट बना लिया था।



### मिथिलेश ने उठायी निलंबन की मांग

भाजपा विधायकों के हंगामे पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में सांसद निलंबित किये जा सकते हैं, तो यहां बिना कारण हंगामा करने वाले विधायक भी निलंबित हों। इस पर स्पीकर ने कहा कि उनकी बात से वह भी सहमत हैं। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद भी भाजपा के प्रदर्शन के बाद स्पीकर ने निलंबन की कार्रवाई की।

### सरकार तानाशाही रवैया अपना रही: अमर बाउरी

स्पीकर की कार्रवाई को भाजपा के विधायकों ने प्रतिशोध से प्रेरित बताया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि संसद में सांसदों को निलंबित किये जाने का प्रतिशोध यहां लिया गया है। कहा कि विधायक कार्य स्थगन और कार्य सूचना मांग रहे थे। यदि सूचना पढ़ ही देते, तो क्या हो जाता। लेकिन ऐसा नहीं कर सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। हेमंत सरकार पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक अपना अधिकार मांग रहे थे और स्पीकर ने उन्हें बाहर कर दिया, जिसकी वजह से भाजपा ने सदन का बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, स्पीकर को विधायकों का निलंबन वापस लेना चाहिए। यदि झारखंड के युवाओं के लिए आवाज उठाना अपराध है, तो हम बार-बार यह अपराध करेंगे।

### जल्द आयेगी नयी नियोजन नीति: भोक्ता

**रांची।** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि सरकार जल्द ही नयी नियोजन नीति लायेगी। पिछले चार सालों से सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है। खाली पदों के लिए विज्ञापन भी जारी हो रहा है। सरकार जनहित में कार्य भी कर रही है। सदन में भाजपा विधायकों द्वारा नियोजन नीति के लिए उठाये मसले पर भोक्ता ने कहा कि विपक्ष सरकार द्वारा दी गयी नौकरियों को अपना ही बता रहा है। यदि ऐसा ही है, तो अपने समय में ही वह नियुक्ति पत्र बांट देते। वे जानबूझकर हंगामा कर रहे हैं। सत्ता से बाहर रहने के कारण विपक्ष बौखलाहट में है।

### नियोजन नीति पर भागती रही सरकार: भानु प्रताप शाही

सदन के बाहर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा ने सदन में युवाओं का विषय उठाया। उनके लिए नियोजन नीति पर सवाल पूछे, लेकिन सरकार भागती नजर आयी। पिछले चार सालों में 800 से भी कम नियुक्तियां इस सरकार में हुईं। सरकार के मुताबिक हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देना था। इस हिसाब से 20 लाख को नौकरी अब तक देनी थी। पारा शिक्षकों को स्थायी नहीं करने की लिखित सूचना सदन में आयी है। सरकार ने अपने कार्यकाल के शुरुआती तीन माह में ही शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी, लेकिन जो सूचना अब सरकार ने दी है, उससे लगता है कि लाखों पारा शिक्षकों की भावनाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया। अब मुख्यमंत्री सामने भी आयें और कहें कि उन्होंने युवाओं, पारा शिक्षकों को ठग कर सत्ता हासिल की। चुनाव में पता चल जायेगा कि झारखंड के युवा नहीं, बल्कि सरकार बोका है।

## बाबूलाल मरांडी के साथ भाजपा विधायकों ने हेमंत सरकार के खिलाफ राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट, भ्रष्टाचार, विधि व्यवस्था पर सवाल उठाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायकों ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल के समक्ष हेमंत सोरेन को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा। उसमें कहा है कि हेमंत सरकार की चार वर्षों की नाकामियों, वादाखिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज्य की जनता न सिर्फ सड़क ,बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही, बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है।

आये दिन, हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं। अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वे जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं। सरकार व्यापारियों को मांगने पर भी सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा रही, उनकी हत्या हो जा रही। पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं। सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ने रिकॉर्ड बनाया है। खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की



### 21 को सभी जिलों में आक्रोश प्रदर्शन करेगी भाजपा



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था और संवैधानिक संकट के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार 21 दिसंबर को पार्टी ने सभी जिलों में आक्रोश प्रदर्शन का निर्णय लिया है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि सभी जिलों में हजारों की संख्या में आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। बताया कि राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर राज्य सरकार की बर्खास्तगी की मांग की जायेगी।

लूट के साथ अब तो आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया। सत्ताधारी गठबंधन के कारनामों ने राज्य को कलंकित और शर्मशार किया है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार के कारनामों के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गयी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और संवर्धन के गंभीर आरोप लग रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ इडी की कार्रवाई में स्वयं मुख्यमंत्री घिरे हैं। राज्य के कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारी जेल में बंद हैं। इडी ने पुख्ता सबूतों के साथ भ्रष्टाचार में संलिप्त पदाधिकारियों, बिचौलिया, दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री इस पर कार्रवाई करने की जगह उस पर कुंडली मार कर बैठे हैं।

इतना ही नहीं, अब तो मुख्यमंत्री ने सभी संवैधानिक मर्यादाओं को ठेंगा दिखा दिया है। इडी द्वारा उनसे पूछताछ के लिए छह समन भेजा जा चुका है, लेकिन वह पूछताछ से लगातार भाग रहे हैं। उनके द्वारा जांच एजेंसियों के खिलाफ रोज रोज दिये जा रहे बयानों ने संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन करने लग जाये, तो फिर आम जनता से कानून पालन करने की बात यह सरकार कैसे कर सकती है?

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी राज्य के इन हालातों पर लगातार सजग प्रहरी की भांति अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है। जनता की भावनाओं को पार्टी सड़क से सदन तक उजागर कर रही है। जनसमर्थन से हम सब लगातार व्यापक संघर्ष और आंदोलन कर रहे हैं। अब राज्य की परिस्थितियां इसका संवैधानिक समाधान चाह रही हैं। आप राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का यह प्रतिनिधिमंडल आपके समक्ष जनता का त्राहिमाम संदेश लेकर गुहार लगाने आया है। राज्य हित में उपर्युक्त परिस्थितियों के आलोक में अविलंब विधिसम्मत कार्रवाई की जाये।

ज्ञापन पर हस्ताक्षर करनेवालों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता विधायक दल, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, जेपी पटेल, नवीन जायसवाल, अनंत कुमार ओझा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा, भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, आलोक चौरसिया, मनीष जायसवाल, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, किशुन दास, पुष्पा देवी, नीरा यादव शामिल थे।

## खरसावां डिग्री कॉलेज में नियुक्ति का मामला उठा

### जेपीएससी को अधियाचना, जल्द होगी बहाली: मंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कोल्हान यूनिवर्सिटी के खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विधायक ने कहा कि वह सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं। सरकार बताये कब तक वहां शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि विभाग ने प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है। जल्द ही नियुक्ति होगी।

**CAUTION NOTICE FOR TRADE MARK**

**VENUS FOIL**

Notice is hereby given from KHARAGPUR TRADE MARK SERVICES, SHOLADHAR, KHARAGPUR-1 that our client M/S: Garodia Plastcon Pvt. Ltd. of Ranchi is the proprietor of trade subject mark "VENUS FOIL" and has been using the same as key-trade mark since 19/04/2021, in this corporate name & has acquired tremendous reputation in India for their goods i.e. Aluminium Foil Container, Aluminium House Foil / Pouch. My client has achieved the above trade mark number as well as "R" CERTIFICATE from Govt. of India Trade Mark Act, 1999 under Intellectual Property Act Law.

So the Manufacturer, Dealer, Distributor, Stockiest & Public are hereby warned that any unauthorized user of our client's aforesaid Trade Mark in any means would constitute passing off. And render the imitators liable to civil and/or criminal proceedings. *Dated this 09th Dec. Saturday of year 2023.

From,

**KHARAGPUR TRADE MARK SERVICES**

Sholadhar, Kharagpur-1, Paschim Medinipur, (W.B.)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# कृष्ण महेंद्र की दसवीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

### बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा

**रांची।** कृष्ण महेंद्र की दसवीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर बरियातू हाउसिंग कॉलोनी सीताराम मंदिर परिसर में लगाया गया। रांची के प्रसिद्ध ने चिकित्सक डॉ राहुल प्रसाद और उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों की नेत्र जांच की और उचित परामर्श दिया। इसमें डॉक्टर आशुतोष द्वारा सैकड़ों मरीजों का इलाज और उचित परामर्श दिया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य के तारा स्थान उदयपुर द्वारा वृद्ध आश्रम के करीब 400 लोगों के बीच नाश्ता का वितरण भी किया गया। साथ ही उदयपुर में गरीब बच्चों को भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम के स्वर्गीय कृष्ण महेंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जीतेंद्र सिंह, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, संतोष कुमार, सुनील उर्फ बॉबी, कुलदीप राज, शार्दुल बहादुर पंकज कुमार राय, रौनक खनिजो नीरज, शौर्य राज, सरला देवी, दिव्य महेंद्र, सुषमा खनिजो, रंजना जयसवाल, गिन्नी अरोड़ा, रिद्धिमा शिखा, सृष्टि राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस हिरासत में मरनेवाले के परिजन को मिलेगा मुआवजा गृह विभाग ने दिया आदेश

रांची। झारखंड पुलिस की हिरासत में मरनेवाले के परिजन को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस हिरासत में मरनेवाले जसीम अंसारी (गिरिडीह के बरवाडीह निवासी) के भाई रुस्तम अंसारी को पांच लाख की राशि मुआवजा के रूप में देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## सांस्कृतिक प्रकोष्ठ झारखंड की प्रदेश स्तरीय बैठक

# राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचायें : बाबूलाल

### लोक कलाकारों की आवाज बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ : कर्मवीर सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय सभागार में हुई, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। बैठक में राज्य के विभिन्न जिला मंडलों से आये प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कलाकार शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही है, जो प्रकोष्ठ एवं हर तरह से कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करती है। कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से पूरे झारखंड के गांव-गांव में झारखंड की समृद्ध संस्कृति के बारे में जनता को जागरूक करना है। गांव कस्बे में जो कलाकार हैं, उनको सामने लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता जन-जन तक इस विरासत को पहुंचायें, उससे जोड़ें।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रकोष्ठ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि प्रकोष्ठ को छोटा नहीं समझना है, इसकी जिम्मेदारी बड़ी है। मंडल एवं पंचायत स्तर में बालक-बालिकाओं को जोड़ कर कलाकार की टीम बनायें।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यों को गीतों में पिरोना है तथा नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता के सामने जाना है। प्रकोष्ठ की टीम को व्यापक बनाना है, जिससे कलाकार वृंद के माध्यम से मोदी सरकार के कार्यों को गांव-गांव में पहुंचाया जाये। प्रकोष्ठ लोक कलाकारों की आवाज बनें।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा कि झारखंड की समृद्ध संस्कृति दिनों दिन विलुप्त होते जा रही है। इसको संरक्षित रखते हुए समृद्ध बनाना है। बैठक में विशेष रूप से पद्मश्री जमुना टुडू ने कहा कि आदिवासी बहुल इलाकों में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अहम भूमिका है।

बैठक में हजारीबाग के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गयी तथा गुमला से बांसुरी वादन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर गीत की प्रस्तुति की गयी। बैठक में गुमला, लातेहार, रांची, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम से पदाधिकारी गण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश से वनमाली महतो, अमित गुप्ता, आकाश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ मुकुंद मेहता ने पदभार संभाला



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ मुकुंद मेहता ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के सीवीएस डायरेक्टर के पद पर योगदान दिया। डॉ मुकुंद चंद्र मेहता पिछले तीन वर्षों से रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद के प्रभार में थे। सीवीएस डिप्टी डायरेक्टर डॉ स्मृति सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर वित्त पदाधिकारी डॉ ज्योति प्रकाश, सीवीएस वित्त समन्वयक डॉ वीके देवघरिया, प्रकाश सिंह, नितेश कुमार, वित्त विमाग के कर्मचारी आदि ने भी उन्हें बधाई दी।

### वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू के नेतृत्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की जमीन लूट पर रोक, भदानीनगर थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिया जाये। राज्यपाल ने आश्वस्त किया कि उनकी ओर से सभी मामलों पर यथाशीघ्र सकारात्मक पहल की जायेगी। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, संजीव चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू शामिल थे।

### सीएमपीडीआइ-सिपेट के बीच हुआ समझौता




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत सीआइपीईटी के माध्यम से महाराष्ट्र के 120 वंचित/बेरोजगार/अर्द्ध-बेरोजगार युवकों को मशीन ऑपरेटर (छह माह का पाठ्यक्रम) का कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, सीएमपीडीआइ एवं सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीआइपीईटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-4, नागपुर के क्षेत्रीय निदेशक राजेश रल्हन एवं सिपेट : सीएसटीएस, चंद्रपुर-महाराष्ट्र के प्रमुख एवं निदेशक अवनीत कुमार जोशी के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस परियोजना को बहु-वर्षीय परियोजना के रूप में वित्त वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए अपने सीएसआर के तहत सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर द्वारा पोषित किया जा रहा है। चार बैचों में कुल 120 छात्रों को स्वीकृत लागत एक करोड़ 2 लाख की राशि से कौशल विकास प्रशिक्षण दिलायी जायेगी। इस समझौते ज्ञापन के तहत सीआईपीईटी, चन्द्रपुर में महाराष्ट्र के 60 लाभार्थियों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग (एमओ-पीपी) तथा 60 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग (एमओ-आईएम) टेक्नोलाजी में प्रशिक्षित किया जायेगा। अभ्यर्थियों का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा-10 होनी चाहिए और पाठ्यक्रम छह माह की होगी। उक्त कोर्स नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से सम्बद्ध है तथा नेशनल स्कील्स क्वालिफिकेशन कमेटि (एनएसक्यूसी)-नेशनल स्कील डेवलपमेंट एजेंसी (एनएसडीए), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत है।

### माही संस्था ने माडर्न स्कूल में बांटा स्वेटर



रांची (आजाद सिपाही)। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) की ओर से हिंदपीढ़ी छोटा तालाब स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में 52 छात्रों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मंगलवार को संस्था की ओर से पहले चरण का अभियान चला। इस दौरान बच्चों से कई प्रश्न पूछे गये, जिसमें बच्चों ने जवाब देकर इनाम में स्वेटर हासिल किया। माही के सदस्यों ने बच्चों को सर्दी से बचाव के महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर माही के संयोजक इबरार अहमद, उपाध्यक्ष हाजी नवाब, जुनैद अनवर, सरवर इमाम खान, मोहम्मद शमीम, शहाबुल हक, मोहम्मद शकील, मोहम्मद सलाहउद्दीन, मिस्बाह, राजकुमार सिंह के अलावा स्कूल की शालु अंसारी, हुस्ने आरा, शाहिना, तलत, सादिया, रेशमा, प्रिया, जीनत मौजूद थीं।

### ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन का एजुकेशन एक्सपो



रांची (आजाद सिपाही)। ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को एजुकेशन एक्सपो का आयोजन किया गया। इसमें करीब 40 यूनिवर्सिटी ने हिस्सादारी निभायी। छात्रों के लिए यह एक बेहतर मौका था। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। ग्लोबस फाउंडेशन एजुकेशन के फाउंडर गौरव राजपूत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिलता है, जहां बेहतर तरीके से काउंसिलिंग होती है। लक्ष्य है कि हम छात्रों को उनके भविष्य के प्रति बेहतर और सही गाइड कर सकें। विधायक सीपी सिंह ने इस आयोजन के लिए बधाई भी दी। वहीं इस एक्सपो में मानव रचना यूनिवर्सिटी से अभिषेक, सुमित राठौड़, एमेटी यूनिवर्सिटी के सुमित सिंह, गोल इंस्टीट्यूट के काली प्रसाद सिंह समेत निजी स्कूल के प्राचार्य समेत अन्य मौजूद थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्राण बजाना क्लिनिक और स्वयंसेवी संगठन आशा के तत्वावधान में सरला बिरला विश्वविद्यालय और एनएसएस के सहयोग से पंचायत भवन, बड़ाम, महिलौंग में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अमेरिका से आये हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश गुप्ता और डॉ गीता गुप्ता ने मरीजों की जांच कर मुफ्त में दवाएं वितरित कीं। विवि के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने इस तरह के शिविर के आयोजन की आवश्यकताओं पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ आरोही आनंद ने किया। शिविर में डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ आरएम झा, डॉ मेघा सिन्हा, प्रो श्वेता कुमारी, संजय कुमार और पुरुषोत्तम मिश्रा का सक्रिय योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ाम गांव के मुखिया कृष्णा लोहरा और एनएसएस स्वयंसेवक सागर खोसला और उनकी टीम उपस्थित रही।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एडवेंचर कैंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने कक्षा केजी से 12वीं तक के छात्रों के लिए एडवेंचर कैंप की एक श्रृंखला का आयोजन किया। छात्रों को बैंबू ब्रिज, बर्मा ब्रिज, डबल लॉग क्रॉसिंग, पैरलल रोप, फ्लाइंग फॉक्स, डबल जंपिंग, टायरोलियन ट्रैवर्स, कमांडो नेट, कैट वॉक जैसी गतिविधियां करायी गयी। इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न हर्डल का सामना करने का प्रशिक्षण दिया गया। इन सभी गतिविधियों से छात्रों को शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने और उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाने में मदद मिलेगी। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के साहसिक शिविर आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि ये शिविर छात्रों को विपरीत और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं।

# एनआइबीएम में एसएससी, बैंकिंग और कंबाइंड का विशेष बैच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम में ऑफलाइन-ऑनलाइन और सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं।

रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में इनकम टैक्स ऑफिसर, सीबीआइ के अलावा अनेक सेंट्रल और स्टेट लेबल की कार्यालय में कार्यरत है। संस्थान के निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि यहां के शिक्षक पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं। निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग की क्लास लेते हैं। यहां हजारों पुस्तकों, मैगजीन से सुसज्जित लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बना कर पढ़ते हैं। संस्थान में नये पैर्टन पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है, जहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाइडलाइन देते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है। इससे विद्यार्थी मात्र छह से 12 माह में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। एनआइबीएम में बिहार, झारखंड, ओड़िशा, प. बंगाल से विद्यार्थी आकर पढ़ते हैं। स्नात्तक पढ़ रहे, स्नात्तक, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिग के लिए सेपरेट और बैंकिंग, एसएससी रेलवे की सेपरेट, कंबाइंड बैच 22 और 25 दिसंबर 2023 से लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ प्रारंभ होगा। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर, सर्कुलर रोड, रांची स्थित एनआइबीएम संस्थान में संपर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 'दोगुने हुए जीरो आइटीआर वाले लोग'

### सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री का जवाब, दो वर्षों में 23 लाख से अधिक ने भरा आइटीआर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** देश में आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो बेहद सुखद अनुभूति देने वाला है। झारखंड में भी विगत पर पांच वर्षों में इनकम टैक्स देने वालों की लगभग 15 से 20 प्रतिशत संख्या बढ़ी है। वहीं शून्य टैक्स देने वाले लोगों ने भी जमकर आइटी रिटर्न किया है। देश में इसकी संख्या में लगभग 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उक्त जानकारी केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में आइटीआर रिटर्न से संबंधित सवाल पूछे थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 62 लाख 11 हजार 683 करोड की आमदनी सरकार को हुई है। वहीं झारखंड में 2021-22 में 11 लाख 35 हजार 786 लोगों ने टैक्स भरा है, जबकि 2022-23 में 11 लाख 95 हजार 551 लोगों ने टैक्स भरा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया की टैक्स भरने की प्रक्रिया आसान हो, इसके लिए व्यक्तिगत करदाताओं को पहले से भरी हुई आयकर विवरणी प्रदान की गयी है, ताकि वे इसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकें। खुद से भी अपना आयकर रिटर्न भर सकें। बताया कि वित्त अधिनियम 2020 में व्यक्तिगत करदाताओं को अपेक्षाकृत निम्न सिलेबस दरों में आयकर का भुगतान करने के लिए एक विकल्प का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान झारखंड में आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त जीरो टैक्स पर आइटी रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2019-20 में झारखंड से 4 लाख 39 हजार 992 लोगों ने जीरो रिटर्न भरा है। वहीं 2020-21 में 7.70 लाख लोगों ने जीरो रिटर्न भरा है। 2021-22 में 7.93 लाख ने आयकर रिटर्न भरा, जबकि 2022-23 में यह संख्या बढ़कर 8.05 लाख हो गयी।

# विधानसभा में 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पास

### वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा: डॉ रामेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को ध्वनिमत से 8111 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पास हो गया। भाजपा विधायक सदन में अनुपस्थित रहे। अनुपूरक बजट की जरूरतों को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में रखा। बताया कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी अनिवार्यता है। अभी झारखंड उन राज्यों में है, जिसने राजकोषीय घाटा कम करने में सफलता हासिल की है। सरकार हर बेघर को आवास देने को अबुआ आवास स्कीम लेकर आयी है। बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना उपयोगी साबित हो रही है। महिलाओं, लड़कियों की सामाजिक स्थिति से भी किसी समाज की पहचान होती है। रामेश्वर उरांव ने सदन को आश्वस्त करते कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट से राज्य की वित्तीय स्थिति पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

### केंद्र ने सहायता में की कटौती: सुदिव्य

सुदिव्य सोनू ने कहा कि केंद्र के रवैये के चलते राज्य सरकार को ऐसा करना पड़ रहा है। केंद्र के पास एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया है। पैसे की मांग पर 200 करोड़ रुपये ही दिया गया। ऐसे में राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से आठ लाख अबुआ आवास बनाने का लक्ष्य तय किया है।

### विधायक शिल्पी नेहा ने लगाया गृह विभाग पर दिग्भ्रमित करने का आरोप



रांची। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के तहत पुलिस विभाग में पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के मामले में नयी नियमावली के अनुसार ही पदोन्नति दी जायेगी। शून्यकाल के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा पूछे गये अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री आलम ने कहा कि सरकार इस बात को सुनिश्चित करेगी कि पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के मामले में किसी भी दृष्टिकोण से पुरानी नियमावली के तहत कार्य नहीं हो। आरोप लगाया कि झारखंड के पुलिस महानिदेशक के कार्यालय द्वारा 41 पुलिस अवर निरीक्षकों से पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिए 27 नवंबर तक मनोनयन की मांग की गयी थी और वह पुरानी नियमावली के अनुसार है, जबकि विभाग की तरफ से पुलिस महानिदेशक को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पदोन्नति के मामले में नयी नियमावली का पालन किया जाये। विभाग द्वारा मंत्रिमंडल को दिग्भ्रमित किया जा रहा है और यह राज्य के व्यापक हित में नहीं है।

### पुलिस लोहा, कोयला, बालू की चोरी में लगी हुई है: लंबोदर

आजसू विधायक लंबोदर महतो ने झारखंड पुलिस और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये। राज्य में महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म के आंकड़े को दिखाते हुए कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जो मामले हुए भी हैं, उनके उद्भेदन में भी पुलिस पीछे है। पुलिस वह भी नहीं कर पा रही है। ऐसे में इतनी लंबी-चौड़ी पुलिसिंग का क्या फायदा। उन्होंने आंकड़ा दिखाते हुए कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर कोयला, लोहा और बालू चोरी में लगी हुई है। ऐसे में आखिर महिलाओं को न्याय कब मिलेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### सीसीएल जन आरोग्य का निःशुल्क जांच शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** जन आरोग्य केंद्र सीसीएल की ओर से मंगलवार को सुकुरहुट्टू बस्ती कांके में निःशुल्क हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। विषेशज्ञ डॉक्टरों ने 222 मरीजों की जांच की। हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन की निःशुल्क जांच की गयी। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, डॉ मयूरी भट्टाचार्य, डॉ प्रीति तिग्गा, डॉ शशिकांत प्रसाद, डॉ अनिता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ दीपक सिंह, डॉ अंबरीश कुमार, डॉ दीपाली का महत्वपूर्ण योगदान रहा

### सीसीएल में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस गैदरिंग



**रांची (आजाद ।** क्राइस्ट के जन्म दिवस को समर्पित क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन मंगलवार को मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में किया गया। मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी साईराम, निदेशक पवन कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे। सभी ने मिलजुल कर भव्य तरीके से इस अवसर को मनाया। डॉ बी वीरा रेड्डी ने कहा कि जीसस क्राइस्ट का जीवन हमें एकता और समरसता का संदेश देते हुए सभी प्राणियों के प्रति दयालु होना सिखाता है। कार्यक्रम की शुरुआत कैंडल जला कर की गयी। इस अवसर पर मुख्यालय के मसीह समुदाय के कर्मियों ने वाद्य यंत्रों से सुसज्जित गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

### सेल्फी प्वाइंट पर उतारी तस्वीर




**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय में एक अन्य कार्यक्रम के तहत भारत सरकार की डिजिटल इंडिया विषय पर आधारित एक सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया। मुख्यालय में लगे इस सेल्फी प्वाइंट पर सीएमडी सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, बी साईराम, पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार ने सेल्फी ली। इसके अलावा मुख्यालय के बड़ी संख्या में कर्मियों ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।


### मातांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए : हिंदवा उरांव

**रांची (आजाद सिपाही)।** उलगुलान डिलिस्टिंग महारैली पर चर्चा को लेकर मंगलवार को ओरमांझी के रोलजरा ग्राम की चंद्रा पंचायत में बैठक हुई। जनजाति सुरक्षा मंच के सह संयोजक हिंदवा उरांव ने कहा कि मातांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। कांग्रेस के सांसद रह चुके कार्तिक उरांव ने इस मुद्दे को 1970 में उठाया था और उस समय 348 सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये थे, पर आज भी स्थिति यथावत है। इसी अधूरे सपने को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। समय की मांग है कि अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों पर धर्मांतरित व्यक्तियों को टिकट दिया जा रहा है, जिसे रोकना होगा। 24 दिसंबर को उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। इसमें संदीप कचछप, सितेश उरांव, मुन्नी देवी, सुमित्रा देवी, विमला देवी, शिवानी उरांव, आरती कुमारी, बालकाही देवी, नमिता देवी, सुटरू उरांव, सुषमा कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### बंधन बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए लांच किया 'इंस्पायर'

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय सार्वभौमिक बैंक बंधन बैंक ने 'इंस्पायर' के नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है, जो विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किया गया है। 'इंस्पायर' कार्यक्रम के तहत दवा की खरीद, नैदानिक सेवा और चिकित्सा उपचार आदि पर विशेष छूट जैसे जीवन की देखभाल के लाभ भी प्रदान करता है। भागीदार स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के जरिये डॉक्टर से दिखाने, चिकित्सा जांच और दंत चिकित्सा आदि पर रियायत भी प्रदान की जाती है। बंधन बैंक, कई सुविधाजनक सुविधाओं को शामिल करने की भी योजना बना रहा है। विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारियों को ऐसे बुजुर्ग ग्राहकों की मदद करने के लिए नियुक्त किया जाता है जो, मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग, एसएमएस बैंकिंग और मिस्ड कॉल बैंकिंग के माध्यम से कभी भी और कहीं से भी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं। बंधन बैंक के शाखा बैंकिंग प्रमुख सुजॉय रॉय ने कहा, बंधन बैंक में हम हर उम्र में वित्तीय स्वतंत्रता के महत्व और जरूरत पर तवज्जो देते हैं। हमें बैंक के संचालन के आठ वर्षों में वरिष्ठ ग्राहकों का विश्वास जीतने का सौभाग्य मिला है।

### अल्पसंख्यकों के हक, अधिकार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही सरकार : सइद अख्तर



**रांची (आजाद सिपाही)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सइद अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड सरकार अल्पसंख्यकों के हक, अधिकार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है। आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अल्पसंख्यकों की पहचान बन गयी है। उर्दू शिक्षिकों की बहाली, उर्दू विश्वविद्यालय निर्माण जैसे कई मुद्दों पर इस सरकार से अल्पसंख्यकों को उम्मीद थी, लेकिन सरकार के चार साल बीत जाने के बाद भी इस पर कोई बात नहीं हो रही है। आज सिर्फ अल्पसंख्यक वोट बैंक बन कर रह गयी है।

## किसानों के नाम रहा गूंज महोत्सव का दूसरा दिन

# कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव की आवश्यकता है : सुदेश

**किसानों, पशु और कृषि सखियों को सम्मानित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली/रांची।** गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों को समर्पित रहा। महोत्सव में विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने सम्मानित किया। इनमें प्रखंड के 75 उत्कृष्ट किसान सम्मानित किये गये। महोत्सव के दौरान 22 किसानों के बीच 18 लाख 26 हजार रुपये का केसीसी वितरण भी किया गया। कृषि के क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए सिल्ली प्रखंड के झाबरी गांव को उन्नत कृषि विकास के लिए विभाग ने गोद लिया है। जबकि प्रखंड के 25 किसानों को राज्य के बाहर कृषि उन्नति की जानकारी लेने के लिए परिभ्रमण के लिए चयनित किया गया। इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में क्रांति और बदलाव की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर झारखंड बनाने के लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रेरित करना और जोड़ना होगा। इसके साथ उनके लिए बाजार भी उपलब्ध कराना होगा। राज्य में उचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते किसान चाह कर भी अपनी आमदनी नहीं बढ़ा पा रहे हैं। किसान जिन्होंने अपनी खेती छोड़ दी है, उन्हें वापस खेती की ओर लाना होगा।

**किसान गोष्ठी में बेहतर खेती के गुर बताये गये :** किसान महोत्सव के मौके पर परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग गांवों से आये सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक प्रदीप सरकार ने किसानों को जैविक खेती से बेहतर उत्पादन करने के तरीके बताये। स्थानीय प्रगतिशील किसान उमेश कोइरी ने भी जैविक खेती पर अपने अनुभव से किसानों को उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी।

**पशु और कृषक सखियों को भी मिला सम्मान :** महोत्सव में प्रखंड के 45 पशु सखियों और 55 कृषक सखियों को सम्मानित किया गया। इन पशु सखियों ने बकरी, मुर्गी पालन में और कृषि सखियों ने जैविक खाद, सब्जी, नर्सरी लगाने में सराहनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान जिला और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

**कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगी**

किसान महोत्सव के मौके पर कृषि मेला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी।

## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. ई–निविदा सं.: 200-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि./चोपन के अधीन व.अनु.अभि/रेल पथ/ओबरा डैम में सेक्शन का विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹55,76,663.01
2. ई–निविदा सं.: 201-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि./चोपन के अधीन व.अनु.अभि/रेल पथ/सिंगरौली में सेक्शन का विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹55,76,483.28
3. ई–निविदा सं.: 202-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि./रेणुकुट के अधीन व.अनु.अभि/रेल पथ/विंडमगंज में सेक्शन का विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹55,54,554.25
4. ई–निविदा सं.: 203-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि./रेणुकुट के अधीन व.अनु.अभि/रेल पथ/रेणुकुट में सेक्शन का विशेष ट्रैक मरम्मत एवं संरक्षण। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹55,76,518.06
5. ई–निविदा सं.: 204-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि./चोपन के अधीन बृहद पूलों (20, 40 एवं 27) के लिए टो वॉल, कर्टन वॉल, बाउल्डर पिचिंग का सुधार एवं अन्य रक्षात्मक कार्य। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में): ₹4,71,37,994.43
6. ई–निविदा सं.: 205-DHN-2023-24, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व.अनु.अभि./रेलपथ/हजारीबाग टाउन के क्षेत्राधिकार अधीन हजारीबाग टाउन–बानादाग सेक्शन के साथ यार्ड में ट्रैक संरक्षण कार्य जैसे कि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में) : ₹76,05,339.92

ब्याने की राशि (रु. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 08.01.2024 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 08.01.2024 को 12:30 बजे से। वेबसाइट का विवरण http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01888/डीएचएन/अभि./टी/23–24/72

## सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में पूछे सवाल

# '2019-23 तक 7.92 लाख ने की हवाई यात्रा'

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने नागर विमानन मंत्रालय से 2019 से लेकर 2024 तक झारखंड के घरेलू विमान यात्रियों संख्या से संबंधित जानकारी मांगी। उन्होंने केंद्रीय विमानन मंत्रालय से विमानपत्तन के निर्माण के कारण विस्थापित हुए लोगों को विमानपत्तन क्षेत्र के अंतर्गत स्वरोजगार देने से संबंधित सवाल पूछे। राज्य मंत्री डॉ विजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड में हवाई अड्डों पर वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक घरेलू विमान यात्रियों की कुल संख्या 7 लाख 92 हजार थी। 2023-24 में अक्टूबर तक 1.64 लाख यात्री विमान से यात्रा कर चुके हैं। विस्थापित के स्वरोजगार पर बताया कि वर्तमान में केंद्र सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

# लिपिकीय भूल का खामियाजा 100 साल से भुगत रही चिक बड़ाइक जनजातिः संजय सेठ

**सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में चिक बड़ाइक जनजाति को लेकर 100 वर्ष पूर्व हुई लिपिकीय भूल के कारण इन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए सांसद संजय सेठ ने नयी दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। मंत्री को दिये ज्ञापन में सांसद ने कहा कि चिक बड़ाइक जनजाति झारखंड के प्रमुख जनजातियों में से एक है। 1907-08 में हुए एक सर्वेक्षण के दौरान कर्मचारियों की गलती से चिक बड़ाइक को दो भागों में तोड़ दिया गया। कहीं चिक लिख दिया गया, तो कहीं बड़ाइक लिख दिया गया। इतने लंबे समय बीतने के बावजूद और इस समाज के बार-बार आग्रह करने के बाद भी अब तक राज्य स्तर पर इसमें कोई सुधार नहीं किया गया। इसका नुकसान इस जनजातीय समाज के लाखों युवाओं को हो रहा है। श्री सेठ ने मंत्री से अनुरोध किया है कि इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें।

### मांडर कॉलेजः 54 छात्र बिना प्रैक्टिल परीक्षा के प्रमोट

**रांची।** मांडर कॉलेज के 54 विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रमोट हो गया है। 54 छात्रों का प्रैक्टिकल लिये बिना ही परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इन छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षा रांची विश्वविद्यालय को लेनी थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने प्रैक्टिकल की परीक्षा ली ही नहीं। ये सभी छात्र स्नातक सेमेस्टर एक के हैं। इन छात्रों को स्टॉक मार्केटिंग विषय में प्रमोट कर दिया गया है। नियमतः परीक्षा दो चरणों में होती है। पहले एक बार इंटरनल या प्रैक्टिकल परीक्षा होती है और एक एक्सटर्नल परीक्षा होती है। इन दोनों परीक्षाओं का नंबर जोड़ कर रिजल्ट जारी किया जाता है। इंटरनल परीक्षा कॉलेज या विभाग स्तर से ली जाती है। वहीं प्रैक्टिकल के लिए विश्वविद्यालय तिथि जारी करता है। इन दोनों परीक्षाओं का अंक जोड़ कर रिजल्ट जारी किया जाता है। दोनों में से किसी एक में फेल होने पर उसे फेल या प्रमोट किया जाता है। मांडर कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार, 54 छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा लेनी थी, लेकिन परीक्षा के लिये बिना ही इसका रिजल्ट जारी कर दिया गया है।

### प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर राजद नेता ने किया पलटवार कहा -आलाकमान का अपमान किया, कार्रवाई हो

**रांची (आजाद सिपाही)। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव के बयान पर राजद नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने पलटवार किया है। बताते चलें कि प्रदेश अध्यक्ष ने कहा था कि राजद को अगर हेमंत की सरकार साथ लेके नहीं चलेगी, तो जैसे तीन राज्यों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, वही हाल हेमंत सरकार का झारखंड में होगा। इसी बयान पर पूर्व प्रदेश मुख्य प्रवक्ता मुस्तफा अंसारी ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का प्रदेश अध्यक्ष ने खुले मंच से अपमान किया है। ऐसा लगता है कि इस बयान के बाद से राजद प्रदेश अध्यक्ष जल्द भाजपा का दामन थामेंगे। ऐसे में इस नेता का राजद में रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। आलाकमान को पर इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय यादव भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और सरकार के जनहित में किये गये कार्यों पर पानी फेरना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संजय यादव का बयान यह दर्शाता है कि उनका मन डोल रहा है। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि इसके पहले भी संजय यादव ने गठबंधन सरकार पर तंज कसा था। लगता है, वह भाजपा में जाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे हैं। ऐसे में राजद आलाकमान को उनकी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते कदम उठाना चाहिए।**

# एमएससीपी संघर्ष मोर्चा का आंदोलन स्थगित

**सरयू राय की पहल पर विधानसभा सत्र के बाद समाधान का आश्वासन मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एमएससीपी संघर्ष मोर्चा का आंदोलन स्थगित हो गया है। शिक्षकों की मांग को लेकर मोर्चा के संयोजक अमरनाथ झा के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी से मुलाकात की। धर्मेंद्र तिवारी ने सरयू राय से राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक प्लस टू शिक्षकों को, राज्य कर्मी के भांति समान 10, 20 और 30 वर्ष पर मिलने वाली एमएससीपी में हो रही कठिनाई को अपने स्तर से दूर करने का आग्रह किया। सरयू राय ने समस्याओं पर कहा कि मैं ध्यानाकर्षण समिति के सभापति से विधानसभा में मिलकर अगली बैठक कराकर निदान करने का बात करूंगा। इसके बाद मंगलवार को सरयू राय ने ध्यानाकर्षण समिति के सभापति डॉ सरफराज अहमद और सदस्य विनोद सिंह के साथ बात की और सत्र के बाद बैठक बुलाकर निदान का आग्रह किया। धरना दे रहे सदस्यों के बीच स्वयं सदस्य विनोद सिंह पहुंचकर धरना को समाप्त कराया। आंदोलनरत अमरनाथ झा के साथ गंगा प्रसाद यादव, आशुतोष कुमार, अमीन अहमद, अरुण दास, वैद्यनाथ सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# आदिवासी समाज को उपेक्षित रखा गया : महादेव टोप्पो

**राजकमल प्रकाशन समूह और डॉ रामदयाल मुंडा, जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की ओर से आयोजित किताब उत्सव का दूसरा दिन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** किताब उत्सव कार्यक्रम का पहला सत्र 'हमारा झारखंड हमारा गौरव' का रहा। इस सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार महादेव टोप्पो ने झारखंड की गौरव विचारक सुशीला सामद को याद किया। महादेव टोप्पो ने कहा कि आदिवासी समाज में शुरू से पढ़ने लिखने वाले लोग थे लेकिन उन्हें उपेक्षित रखा गया। शिक्षित वह समुदाय भी था जो निरक्षर था। सिर्फ पढ़ा लिखा समुदाय ही शिक्षित नहीं होता। आज के समय में लोग साक्षर जरूर होंगे लेकिन शिक्षित नहीं होते। हमारा संबंध प्रकृति से इतना आत्मीय और गहरा है कि इसके बगैर हम नहीं रह सकते। आदिवासी और प्रकृति का गर्भनाल संबंध है जबकि गैर-आदिवासी इस संबंध से विमुख है। 1850 के पहले जो आदिवासी समाज एकजुट रहता था वो आगे चलकर अलग-अलग हो गया। सुशीला सामद के व्यक्तित्व और उनके कर्तव्यों के संदर्भ में महादेव टोप्पो ने कहा कि उन्होंने बहुत परिश्रम से शिक्षार्जन किया। सुशीला जी मुंडा समुदाय से थीं। 'चांदनी' और 'आदिवासी' नामक पत्रिकाओं में सुशीला सामद जी ने आदिवासी समुदाय के बारे में लिखा। 1936 सुशीला जी अपने समय की मुख्यधारा के लेखन से प्रभावित थीं। वह पहली आदिवासी महिला संपादक थीं। आदिवासी समाज के लेखन के लिए उन्होंने जमीन तैयार करने की कोशिश की। उन्होंने महिला मंदिर का निर्माण भी किया था। दूसरा सत्र 'आदिवासी इतिहास लेखन कठिनाइयां और संभावनाएं' विषय पर केंद्रित रहा।

इस सत्र में डॉ. रवि वाजपेई, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. इंद्र कुमार चौधरी और अंजू टोप्पो ने वक्तव्य रखा। पहले वक्ता संजय सिंह ने कहा कि आदिवासी समुदाय को लेकर एक छवि बनी हुई है कि वो मुख्यधारा से अलग रहते हैं। डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय शोध कल्याण संस्थान के निदेशक रणेंद्र ने सबका स्वागत करते हुए विषय पर चर्चा के कारणों पर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास में वर्चस्व और शासित का स्वीकार्य अब भी कायम है और यूरोपीय दृष्टि से लिखे जा रहे इतिहास लेखन को हम ढोए जा रहे हैं। मानव शास्त्रियों के लेखन में आदिवासियों की केवल जंगली छवि ही बनी हुई है। ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने राजकमल प्रकाशन के बारे में कहा कि केवल साहित्य ही नहीं बल्कि अन्य विषयों और विधाओं की भी अच्छी किताब राजकमल प्रकाशन सबके सामने लेकर आता रहा है।

इस सत्र में रवि वाजपेई ने कहा कि जिस समाज को अपना इतिहास लिखने का मौका नहीं, उनके साथ ऐसी समस्याएं नहीं रहीं। अंजू टोप्पो ने कहा कि आदिवासी इतिहास लेखन में काम कम हुआ है, ऐसा नहीं है। अगले सत्र में अनुज लुगुन के कविता संग्रह 'अघोषित उलगुलान', पार्वती तिर्की के कविता संग्रह 'फिर उगना' और जसिंता केरकेट्टा के कविता संग्रह 'ईश्वर और बाजार' पर परिचर्चा हुई। जिसमें सावित्री बड़ाइक, प्रज्ञा गुप्ता और विनोद कुमार ने तीनों कवियों की कविताओं की विशेषताओं पर बात की। इस सत्र में पार्वती तिर्की ने संग्रह से कुछ कविताएं भी पढ़ीं।

# खाटू नरेश का हुआ विशेष शृंगार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के बाद खाटू नरेश का विशेष शृंगार किया गया। हनुमान जी को फूलों से सजाया गया। शृंगार सेवा नोएडा निवासी विनीत महिपाल और आयुषी गोयल द्वारा किया गया। आरती के बाद भोग लगाकर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**सब संकट कट गये पापी भी तर गये :** सब संकट कट गये पापी भी तर गये, भूत प्रेत बाधा सब संकट पल भर में टल गये... के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 81 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रकाश मोदी, सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने हनुमान महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल अर्पित कर खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। मौके पर श्रवण ढानढनिया, पल्लव अग्रवाल, सुनील मोदी, मनीष सारस्वत, ओम शर्मा, सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

**शुक्रवार को मोक्षदा एकादशीः** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन का आयोजन शुक्रवार को किया गया है। रात्रि 9.30 बजे बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जायेगी। इसके बाद भजनों का कार्यक्रम निरंतर चलेगा। एकादशी का महाशृंगार किया जायेगा।

# रिफॉर्म का वक्त

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) एक पुराने क्लब जैसी हो गयी है, जिसके सदस्य यह सोच कर नये सदस्यों का प्रवेश रोके रहते हैं कि इससे क्लब पर उनकी पकड़ ढीली न हो जाये या उनके फैसलों पर सवाल न उठने लगें। यह बेशक कड़ा बयान है, लेकिन इसकी वजहें वजहें हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग नयी नहीं है। अन्य देशों के साथ भारत भी लंबे समय से तमाम वैश्विक मंचों पर ऐसी मांग करता रहा है। हाल की बात करें, तो इसी सितंबर में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वैश्विक व्यवस्था को मौजूदा दौर की वास्तविकताओं पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का जिक्र किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा था कि सुधार को स्वीकार न करने से संयुक्त राष्ट्र अप्रासंगिक होता जायेगा। लोग अपनी समस्याएं सुलझाने कहीं और जाने लगेंगे। खुद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अंदर से भी सुधार की जरूरत बतायी जाने लगी है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह संस्था पंगु होती जा रही है। अन्य देश भी इस तरह की मांग उठाते रहे हैं। इन मांगों को मौखिक समर्थन देते हुए भी सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्य देश इन्हें अमल में लाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते। द्वितीय विश्वयुद्ध के ठीक बाद जब संयुक्त राष्ट्र के रूप में एक नया वैश्विक संगठन अस्तित्व में आया, तब वैश्विक हालात बिल्कुल अलग थे। भारत समेत एशिया और अफ्रीका के ज्यादातर देश स्वतंत्र भी नहीं हुए थे, तब से अब तक स्थितियों में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। कभी पांच ही देश परमाणु शक्ति संपन्न थे और ये सभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के तौर पर वीटो पावर से लैस थे, लेकिन उसके बाद भारत जैसा देश न सिर्फ परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों के क्लब में आया, बल्कि वह विश्व की बड़ी आर्थिक ताकत भी बन चुका है। इन बदलती सच्चाइयों से आंखें मूंदे रहने का ही नतीजा है कि प्रायः सभी अहम मौकों पर यह मंच पूरी तरह से प्रभावहीन साबित होता है। ताजा उदाहरण इस्राइल-हमास जंग का है। जंग शुरू होने के ढाई महीने होने को आए, पर सुरक्षा परिषद अभी तक युद्धविराम का एक प्रस्ताव भी पास नहीं कर पायी है।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा था कि सुधार को स्वीकार न करने से संयुक्त राष्ट्र अप्रासंगिक होता जायेगा। लोग अपनी समस्याएं सुलझाने कहीं और जाने लगेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चुनाव से पहले 11 नवंबर, 2023 को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भोपाल में मध्य प्रदेश के लिए पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। भाजपा ने इस रणनीति में भी विश्वास रखा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के बाद ही इसे जारी किया जाये। इस घोषणा पत्र की पंच लाइन थी फिर से भाजपा सरकार, एमपी की यही हुंकार। इस घोषणा पत्र में सभी पक्षों को ध्यान में रख कर बड़े ही लुभावने वायदे किये गये।**

# घोषणाओं पर मतदाताओं ने आसानी से विश्वास किया

अकु श्रीवास्तव



**भाजपा ने कांग्रेस की तुलना में वादों की उम्मीद जगाने, उनकी बेहतर डिलीवरी पर बहुत अच्छी तरह से फोकस किया। वोटरों को यह सीधा संदेश देने में भाजपा सफल रही कि उनकी भलाई कमल को वोट देने में ही है, लेकिन आने वाले दिन कम चुनौती पूर्ण नहीं होंगे।**

5 में से 3 राज्य जीतकर भाजपा ने साबित कर दिया है कि जनता की नब्ज को भांपने में उसका कोई मुकाबला नहीं है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में जिस तरह से एक कठिन डगर को आसान जीत में बदला गया, उसके पीछे एक मजबूत रणनीति रही। पूरी तरह फोकस पर फोकस किया गया और रेवड़ियां या वायदों की सिर्फ बात की नहीं थी, लगातार डिलीवरी जारी थी। इसलिए नयी घोषणाओं पर भी मतदाताओं ने आसानी से विश्वास किया। याद करें भाजपा ने 2019 का चुनाव भी वादों की डिलीवरी पर जीतने की पहली कोशिश की थी। चुनाव से पहले भाजपा ने किसानों के लिए हर तीसरे महीने 2000 रुपये की किस्त जारी कर दी थी और राहुल गांधी का 6000 रुपये महीना किसानों को देने का वायदा धरा का धरा रह गया।

अगर मध्य प्रदेश की बात करें तो वहां शिवराज सिंह चौहान की सरकार पहले ही जनता को खूब रेवड़ियां बांट रही थी। इसी साल 5 मार्च को लाडली बहना योजना शुरू की गयी। इसके तहत राज्य की 1 करोड़ 31 लाख महिलाओं को हर महीने 1000-1000 रुपये की मदद दी जा रही थी। उन्होंने 11 लाख 19 हजार किसानों का लगभग 2123 करोड़ का कर्ज माफ किया। चुनाव से पहले 11 नवंबर, 2023 को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भोपाल में मध्य प्रदेश के लिए पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। भाजपा ने इस रणनीति में भी विश्वास रखा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के बाद ही इसे जारी किया जाये। इस घोषणा पत्र की पंच लाइन थी फिर से भाजपा सरकार, एमपी की यही हुंकार। इस घोषणा पत्र में सभी पक्षों को ध्यान में रख कर बड़े ही लुभावने वायदे किये गये।

**वोटरों को यह सीधा संदेश देने में भाजपा सफल रही कि उनकी भलाई कमल को वोट देने में ही है।**

भाजपा द्वारा 450 रुपये का गैस सिलेंडर, लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीबों को 5 किलो अनाज के साथ सरसों का तेल और शक्कर भी, गरीब परिवार के बच्चों को 12वीं तक मुफ्त शिक्षा, ग्वालियर और जबलपुर में मेट्रो तथा रीवा और सिंगरौली में हवाई अड्डा बनाने का वायदा किया गया। इससे पहले 17 अक्टूबर, 2023 को कांग्रेस ने भी मध्य प्रदेश में अपना घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें कांग्रेस ने 101 गारंटियों की बात की। इस घोषणा पत्र को कांग्रेस ने वचन पत्र का नाम दिया था। कांग्रेस ने 2599 रुपये में गेहूं और 2600 रुपये प्रति क्विंटल में किसानों से धान खरीदने और कर्जा माफ करने का वायदा किया था। कांग्रेस ने सरकार बनने पर 2 लाख नयी भर्तियां करने का भी वादा किया था। महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये नारी सम्मान निधि देने तथा 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही गयी थी।

इसके अलावा इंदिरा गृह ज्योति योजना के तहत 100 यूनिट मुफ्त और 200 यूनिट बिजली आधी दर पर देने की बात कही गयी। कांग्रेस ने तेंदूपत्ता मजदूरी दर 4000 रुपये प्रति मानक बोरा करने का वायदा किया था। पढ़ो-पढ़ाओ योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को कक्षा एक से 8वीं तक 500 रुपये, 9वीं से 10वीं तक के बच्चों को 1000 रुपये तथा 11वीं-12वीं के बच्चों को 1500 रुपये प्रति माह देने का वायदा किया गया। इसके अलावा स्कूली शिक्षा भी निःशुल्क करने की बात थी।

महिलाओं के लिए मुख्य घोषणाओं में बेटियों के विवाह की नयी योजना शुरू कर 1 लाख 1 हजार रुपये की मदद देने, बेटियों के जन्म से विवाह तक 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि देने, महिला स्टार्टअप के लिए 25 लाख तक का ऋण 3 प्रतिशत ब्याज पर देने और आवासहीन ग्रामीण महिलाओं को 5000 वर्गफुट का भूखंड देने जैसे वायदे थे।

65 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों को 1200 रुपये सम्मान निधि हर माह देने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी 600 रुपये से बढ़ा कर 1200 रुपये करने, बहुदिव्यांगजनों को 2000 रुपये मासिक पेंशन देने और गरीबों को आटा, दाल, तेल और चीनी की देवभोग किट प्रदान करने जैसे वादे थे। अगर घोषणा पत्र की गारंटियों का ही वायदा करें तो भाजपा को वोट देने से कांग्रेस से 50 रुपये सस्ता सिलेंडर, गेहूं पर 100 रुपये तथा धान पर 500 रुपये का फायदा था। इसके साथ राशन, तेल, चीनी भी मुफ्त मिलनी थी, तो ऐसे में रोजगार और शिक्षा से जुड़े वायदे जनता के लिए कुछ खास मायने नहीं रखते थे।

दूसरी ओर कांग्रेस की बात करें तो वह छत्तीसगढ़ में गौधन न्याय के नाम पर गोबर खरीद कर ग्रामीणों को अपने साथ जोड़ लेने की सोच रही थी। लेकिन यहीं पर भाजपा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से उसका गारंटी शब्द भी छीन लिया था। छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने जो घोषणा पत्र जारी किया, उसे छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 नाम दिया गया। इसमें कई बड़े वायदे थे। राजस्थान में गहलोत सरकार करीब 1 करोड़ प्रदेश वासियों को 1000 रुपये मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही थी। वायदा करने में गहलोत सरकार आगे थी, लेकिन भाजपा की बारी आयी, तो उसने अपने संकल्प पत्र में प्रदेश के लोगों के लिए वायदों की पूरी थैली ही खोल दी।

लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत भाजपा ने सरकार बनने पर हर बच्ची के जन्म के समय 2 लाख रुपये का सेविंग बांड देने, बालिका के छठी कक्षा में आने पर उसके खाते में 6,000 रुपये सालाना जमा कराने, 9वीं में आने पर साल में 8,000 रुपये और 10वीं में आने पर 10,000 तथा 11वीं में आने पर 12,000 एवं 12वीं कक्षा में 14,000 रुपये जमा कराये जाने का वायदा किया। इस तरह भाजपा ने कांग्रेस की तुलना में वादों की उम्मीद जगाने, उनकी बेहतर डिलीवरी पर बहुत अच्छी तरह से फोकस किया। वोटरों को यह सीधा संदेश देने में भाजपा सफल रही कि उनकी भलाई कमल को वोट देने में ही है, लेकिन आने वाले दिन कम चुनौती पूर्ण नहीं होंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# केंद्र की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का जरिया

विनय कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं से किस तरह से गरीबों की जिंदगी में बदलाव आ रहा है ये जानने और अब तक जिन लोगों ने इसका फायदा नहीं उठाया है उन्हें प्रेरित और जागरुक करने के मकसद से भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से उनकी जयंती पर प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम महज एक यात्रा नहीं है बल्कि लोगों में 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा करने का एक जरिया भी बन रहा है। खास बात यह है कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए देश भर के सभी पंचायतों में विशेष जागरुकता वैन पहुंच रही हैं और वहां विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कैंप और स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर भी लगाए जा रहे हैं ताकि वंचितों को भी जोड़ा जा सके और उन्हें योजनाओं का फायदा मिले।

जगह जगह पंचायतों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर का भी वितरण किया गया है। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड भी बांटे जा जा रहे हैं। इस यात्रा के जरिए यह लक्ष्य रखा गया है कि सभी वंचितों को केंद्र की इन कल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित भी किया जा सके। शिविरों यानि कैंपों में सबसे अच्छी बात यह नजर आ रही है कि लाभुक भी मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं से जिंदगी में आए बदलाव की कहानी साक्षा कर दूसरे ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रहे हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन जन तक पहुंचने का एक बेहतरीन मॉडल दिखता है क्योंकि गांव के ही एक लाभुक दूसरे के लिए रोल मॉडल बन रहे हैं और वो केंद्र की विभिन्न योजनाओं के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका इस कैंप में निभाते नजर आ रहे हैं। एक व्यक्ति पर सबसे अधिक असर अपने परिवार और आस-पास के वातावरण का पड़ता है। इस उक्ति को अगर हम इस यात्रा के साथ जोड़कर देखते हैं तो यह साफ हो जाता है कि जिस तरीके से मेरी कहानी मेरी जुबानी इन मंचों पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है वो सफलता की एक नई कहानी गढ़ने को तैयार है। जो ग्रामीण महिलाएं कल तक चारदीवारी से बाहर निकलने में सौ बार सोंचती थी आज वो जीवन में आए बदलाव की कहानी सैकड़ों लोगों के बीच बता रही हैं और उसके फायदे भी गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते नहीं थक रही है। ये सब बदलते भारत की तस्वीर है जो समाज के हर वर्ग के जीवन में बदलाव ला रहा है और उन्हें आर्थिक रुप से सशक्त भी कर रहा है। ये आत्मबल मोदी सरकार की योजनाओं का है जो इस यात्रा के दौरान इसे मिल रहे जनसमर्थन के रुप में देखा जा सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ सुसज्जित आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन झारखंड के विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायतों तक पहुंचकर लोगों को जागरुक कर रहा है और उनमें भारत सरकार की योजनाओं के प्रति एक ललक और विश्वास भी पैदा कर रहा है।

झारखंड के लिए यह यात्रा इस मायने में भी खास है कि खूंटी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के दिन 15 नवंबर को इसकी शुरूआत की गई है। यात्रा की शुरूआत महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले जिलों से की गई है जो गणतंत्र दिवस के पहले 25 जनवरी, 2024 तक देश भर के सभी जिलों को कवर करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में एलईडी वैन के जरिए भारत के प्रगति की गाथा भी लोगों को बताई जा रही है। इतना ही नहीं राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के रिकॉर्डेड संदेश भी वैन के जरिए लगातार प्रसारित कर लोगों में देश की सेवा के प्रति नई उर्जा का संचार किया जा रहा है। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा तैयार विशेष आईईसी सामग्रियां भी वैन के साथ वहां मौजूद ग्रामीणों के बीच वितरित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री इस यात्रा को लेकर कितने गंभीर और सजीदा है उसकी झलक 30 नवंबर को भी देखने को मिली जब उन्होंने विकसित भारत संकल्य यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया और देवघर एम्स में ऐतिहासिक 10 हजारवें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के 4 अमृत स्तंभ नारी शक्ति, युवा शक्ति, भारत के किसान और गरीब परिवार हैं। प्रधानमंत्री के इस चार स्तंभ को सशक्त करने की झलक इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी नजर आती है।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# ओड़िशा के राज्यपाल की पहल पर पत्रकार के परिवार को मिला न्याय

**कटक के तीन एच अस्पताल ने बिल माफ कर परिजनों को सौंपा शव**

आजाद सिपाही संवाददाता






**राजनगर।** सरायकेला खरसावां जिले के सक्रिय पत्रकार और प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खारसावां के पदाधिकारी रविकांत गोप की 17 वर्षीय भांजी पूर्णिमा गोप को जॉंडिस का इलाज के लिए कटक के 3एच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के क्रम में युवती की मौत हो गयी। कटक के तीन एच अस्पताल में इलाज के दौरान अस्पताल का बिल 83 हजार हो गया था। परिजनों के द्वारा 21 हजार जमा किया गया था। लेकिन युवती को बचाया नहीं जा सका। उधर परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पैसे जमा करने में असमर्थ रहे। परिजनों ने मदद के लिए प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह से गुहार लगायी। उन्होंने जमशेदपुर के कुछ वरिष्ठ पत्रकारों के सहयोग से उड़ीसा राजभवन से संर्पक साधा और अस्पताल का बकाया बिल माफ कराने की अपील की। राजभवन ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल अस्पताल प्रबंधन को बचे बिल माफ करने का निर्देश दिया। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पत्रकार के मृत भांजी के शव को कागजी कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल और प्रेस क्लब के सदस्यों के प्रति आभार जताया। साथ ही बच्ची के शव को लेकर राजनगर के लिए रवाना होगये। संभवतः मंगलवार शाम तक युवती के शव राजनगर पहुंच गया। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। उड़ीसा राजभवन की पहल पर प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खारसावां ने कृतज्ञता प्रकट की। साथ ही दुःख के इस घड़ी में पत्रकार रविकांत के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया।

# सो गयी सरकारी अस्पताल की व्यवस्था जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई : षाड़ंगी

**डिमना के युवक ने अपनी ही डेथ सर्टिफिकेट लेकर महीनों से लगा रहे अस्पताल का चक्कर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के एमजीएम अस्पताल में जीते जी एक युवक को कागजों पर मार घोषित कर दिया। दरअसल, यह चौंकाने वाला मामला पुर्वी सिंहभूम जिले के डिमना बस्ती क्षेत्र के उलीडीह अंतर्गत नवीन कॉलोनी निवासी संदीप तंतुबाई नामक 23 वर्षीय युवक की साथ हुई है। उन्होंने बताया कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में बीते एक माह पुर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 52 वर्षीय गणेश तंतुबाई का देहांत हो गया था। जिसपर एमजीएम अस्पताल की ओर से युवक के दिवंगत पिता गणेश तंतुबाई के स्थान पर उसके पुत्र संदीप तंतुबाई को मृत घोषित कर दिया। डेथ सर्टिफिकेट में उम्र भी 23 वर्ष लिखी गयी है। जिसमें सुधार करने व अपने दिवंगत पिता के डेथ सर्टिफिकेट बनाने को लेकर वो बीते 1 महीने से अपनी डेथ सर्टिफिकेट लेकर अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। उधर मामला संज्ञान में आने के बाद चर्चा का विषय बन गया। वहीं सवाल उठने लगा कि आखिर एक जिंदा युवक को मृत कैसे घोषित कर दिया गया। इस मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने अस्पताल के उदासीनता व लापरवाही पर सवाल उठाएं।

# अवैध खनन की जांच करने चौथी बार सीबीआइ की टीम पहुंची साहिबगंज

सुनील कुमार गौतम

**साहिबगंज।** जिला के मंडरो प्रखंड के सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआइ की टीम चौथी बार साहिबगंज जांच हेतु आ धमकी है। मंगलवार को तीन सदस्यीय टीम ने सुबह सबसे पहले सर्किट हाउस से 11:00 बजे निकल दाहु यादव के निवास स्थल शोभनपुर भट्ठा पहुंच जानकारी ली। निवास स्थान के बगल के बथान पर दाहु यादव के पिता पशुपति यादव से मुलाकात कर पूछताछ की। ज्ञात हो कि इससे पहले न्यायालय के सर्च वारंट पर सीबीआइ की टीम ने बीते 7 दिसंबर को आठ जगहों पर एक साथ छापामारी कर सर्च ऑपरेशन चलाया था।

**दाहू यादव के पिता से सीबीआइ की टीम ने की पूछताछ**

**जिला के मंडरो प्रखंड के सिमरिया मौजा(नींबू पहाड़) में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआइ की तीन सदस्यीय टीम दाहू यादव उर्फ राजेश यादव के निवास स्थान शोभनपुर भट्ठा पहुंची। यहां दाहू यादव उर्फ राजेश यादव के पिता पशुपति यादव से पूछताछ की।**

# ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बालीगुमा सुकना बस्ती निवासी विजय बहादुर यादव, उनके पत्नी व बच्चों के साथ एनएच 33 स्थित अपने दुकान जारही थी। मंगलवार शाम अचानक डांगा के समीप ट्रक के चपेट में आने से ज्ञानता देवी बुरी तरह घयाल हो गया। जबकि उनकी बच्ची का खरोंच तक नहीं आया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने टाटा मुख्य अस्पताल लेकर पहुंचे। जहा डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह और अन्य सहयोगी ने टाटा मेन अस्पताल पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिले। उन्होंने शोक प्रकट करते हुए मामले की जानकारी स्थानीय एमजीएम थाना में दी। बताया जारहा है दो दिन पूर्व ही ज्ञानता देवी की बेटी की शादी तय हुई थी। 16 मार्च को विवाह का समारोह होना था। जिसके तैयारी परिवार वाले जोर-शोर से कर रहे थे। वहीं 52 वर्षीय ज्ञानती देवी की चार बेटी एक बेटा है। फिलहाल परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# जेजेएमपी का उग्रवादी एके 47 के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**एलएंटी कंपनी से लेवी वसूलने आये थे नक्सली : आइजी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** रविवार की रात रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा जंगल में पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ था। मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुश्वाहा की कलाई में गोली लगी थी। घायलवस्था में थाना प्रभारी को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिका रांची रेफर कर दिया गया था। मुठभेड़ के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सघन छापेमारी की गयी थी। छापेमारी के दौरान गढ़वा पुलिस ने एक जेजेएमपी संगठन के एक सदस्य शिवपूजन मुंडा उर्फ शिवपूजन भुईहर को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार नक्सली के निशानदेही पर पुलिस ने एक एके 47 रायफल, एके 47 रायफल का तीन मैगजीन, इंसांस रायफल का एक मैगजीन, एके 47 का कैलिबर का 70 गोली सहित कई समाग्री बरामद किया गया है। इस संबंध में प्रेसवार्ता करते हुए पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को बताया कि पिछले दो माह से जेजेएमपी नक्सली संगठन के क्रियावादी टुनेश उरांव अपने दस्ता के सदस्यों द्वारा जिले के रमकंडा, रंका, चिनियां और भंडरिया क्षेत्रों में भ्रमणशील होकर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से लेवी वसूलने का कार्य कर रहा था। लेवी नहीं देने पर संवेदकों और आम जनता को धमकाया जा रहा था। आईजी ने बताया कि 16 दिसंबर 2023 के रात्रि में खुटवा मोड़ के साथ बन रहे एलएंनटी कंपनी द्वारा पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। टुनेश उरांव के दस्ता द्वारा निर्माण कार्य में लेवी लेने के उद्देश्य से सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया गया था। इस संबंध में रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। आईजी ने बताया कि 17 दिसंबर 2023 को लगभग 9 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि ढेंगुरा स्थित सुअरमरवां जंगल में टुनेश उरांव अपने दस्ता के साथ लेवी लेने हेतु विध्वंशक कार्रवाई करने की योजना बनायी जा रही है। उक्त सूचना के आलोक में थाना प्रभारी रंका, रमकंडा, चिनियां और सशस्त्र बल के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। उक्त छापेमारी टीम समय लगभग 11:40 बजे रात्रि में ग्राम ढेंगुरा के पूर्व की ओर अवस्थित जंगल के नाला पास पहुंची तो सामने की ओर से आ रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश उरांव के दस्ता के साथ मुठभेड़ हो गयी। तदोपरांत छापेमारी टीम में शामिल पदाधिकारी व जवानों अदम्य साहस का परिचय देते हुए आत्मसुरक्षार्थ टुनेश उरांव के दस्ता पर जवाबी कार्रवाई किया गया। आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश उरांव के विरूद्ध गढ़वा, पलामू और लातेहार के विभिन्न थाना में 13 मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले के भंडरिया थाना, रमकंडा थाना, पलामू जिले के सतबरवा थाना, लेस्लीगंज थाना, लातेहार के बरवाडीह थाना में विभिन्न 13 मामला दर्ज है।

इस मौके पर आईजी के अलावे पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजवी मंडल, इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, रामजी महतो, मेजर ओमप्रकाश दास आदि लोग उपस्थित थे।



## आइजी ने आठ पुलिस पदाधिकारी और जवान को किया सम्मानित

छापेमारी के दौरान एक हार्डकोर नक्सली की गिरफ्तारी और हथियार, गोली के साथ- साथ अन्य समाग्री बरामद की गई है। इस सफलता को मानते हुए आईजी मुठभेड़ में शामिल अधिकारी, हवलदार व जवान को सम्मानित किया है। आईजी ने रमकंडा थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, चिनियां थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार, हवलदार डोमन मोची, विवेक चौधरी, आरक्षि संजय प्रसाद गुप्ता, प्रमोद ऋषि, निरज रजक और हरिषचंद्र भगत सम्मानित किया। आईजी ने बताया कि उक्त पदाधिकारी, हवलदार, जवान का नाम मुख्यालय भेजूंगा, ताकि इन्हें बड़ा सम्मान मिले और इनके प्रोन्नति में सहायक हो।

### केंद्रीय राज्यमंत्री से मिले संसद वीडी राम

# भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में सोम प्रकाश, केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय सोम प्रकाश से मुलाकात कर गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केंद्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत झारखंड राज्य में मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधी बिषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद श्री राम ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिंदुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिंदुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखंड राज्य के आर्थिक ढ़ांचे में परिवर्तन संभावित है और राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा और उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पायेगा। जिससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा और राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। सांसद ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि भवनाथपुर में ही इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाय।

उल्लेखनीय है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है। जो भविष्य में यदि इसका विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो।

# तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। दूसरे बैच में नरही, कुशदंड, चितविश्राम और हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के गठन और उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शारदा पासवान, किशोर कुमार, सलीम अंसारी, फुलझरी देवी, मंजू देवी, लालती देवी, बसंत प्रसाद, मुन्ना मेहता, कविता देवी, छाया सिंह, तेतरी देवी, लालजी राम, शीला, शर्मा राम, मो0 इस्लाम, मीना, प्रेमा, सोनी, सरिता, जुरेदा प्रवीण सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# बलियारी में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी।** प्रखंड के किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता 24 दिसंबर शनिवार तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी वर्गों में अध्ययनरत विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रिंसिपल नवनीत कुमार दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, रेस, लंबी कूद, शॉटपुट थ्रो, डिस्कस थ्रो, म्यूजिकल चेयर, टॉफी रेस का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का होना आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है और यहीं बच्चे आगे चलकर राज्य तथा देश का नाम रौशन करते हैं। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

### बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवास दिवस पर

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कायनात काजी पहुंची बरडीहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरडीह।** प्रखंड के बरडीहा पंचायत भवन में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवास के अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कायनात काजी ने पहुंच कर बीजेपी महिला मोर्चा के साथ बैठक कर महिलाओं को बीजेपी के सिद्धांतो और विचारों के बारे में बताया, और बीजेपी सरकार में महिलाओं के लिये चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया और सभी महिलाओं से अनुरोध किया कि आप सभी के माध्यम से केंद्र के सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा हैं। मौके पर उपस्थित बीजेपी के महिला जिला अध्यक्ष अनिता गुप्ता जिला प्रभारी रूपा सिंह बरडीहा मंडल के महिला मोर्चा के अध्यक्ष कुलवंता देवी बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला उपस्थित रहें।

## गजनी-कैरो प्रखंड में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कैरो प्रखंड के गजनी और कैरो पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गयी।

## ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की ओर से एक ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लायन रामनारायण प्रसाद के पुत्र मनीष जो हैदराबाद से आये हैं। अपनी माता की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लड डोनेशन किया, यह उनका 16वां ब्लड डोनेशन था। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन दयाशंकर शंकर गुप्ता, सेक्रेटरी संजय कुमार, लखन प्रसाद कश्यप और रामनारायण के अतिरिक्त लायन अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि इस प्रकार पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन करना बहुत ही सौभाग्य की बात है, अतः हम सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

## चोरों ने ताला तोड़ कर लगभग 2 लाख रु नगद और 1 लाख रु की किराना सामग्री ले गये



**विशुनपुरा(आजाद सिपाही)।** टेंपू स्टैंड स्थित शिवनारायण राम के जेनरल स्टोर में बीती रात्रि को चोरों ने ताला तोड़ कर लगभग 2 लाख रु नगद और 1 लाख रु का किराना सामग्री की चोरी कर उड़ा ले गये। चोरी की घटना को लेकर विशुनपुरा व्यवसायी में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के अनुसार चोरों ने दुकान के बगल के रास्ते गलीयारी में लगे मेन गेट के लोहे का ग्रिल सहित दो लकड़ी के दरवाजे में लगे ताला को तोड़ कर दुकान में प्रवेश किया और दुकान में रखे नकद सहित सामग्री को आसानी से चोरी कर फरार हो गये। जिसमें दुकान के बक्सा में रखा नगद पैसा और छोहाड़ा, किसमिस, तेल, साबुन सहित अन्य किराना सामग्री गायब है, जिसके बाद वह आस-पास के लोगों को जानकारी दिया। चोरी की घटना की सूचना पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची। थाना पीएसआई अजीत कुमार ने घटना के बारे भुक्तभोगी व्यवसायी से जनाकारी लिया और दुकान में हुए चोरी की हर पहलू पर जांच कर व्यवसायी से आवेदन देने की बात कहीं। मालूम हो कि पिछले दो वर्ष में यह दूसरी बड़ी घटना है, पिछले वर्ष विशुनपुरा के प्रशांत इंटर प्राइजेज के मोबाइल दुकान में लाखों रु की चोरी हुयी थी। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी संजय कुशवाहा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवायी की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के सोनदाग गांव निवासी जमुना सिंह की पुत्री प्रतिमा कुमारी 16 वर्ष बाईक दुर्घटना में घायल हो गयी है। लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आयी है।

## ट्रक की चपेट में आने से एक युवती की मौत

**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** गढ़वा बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नवादा मोड़ के निकट आरोग्य में अस्पताल के पास ट्रक की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गयी है।



## धर्माचार्य को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारियों के द्वारा महुली गांव निवासी जिला धर्माचार्य राधेश्याम पांडे को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण दिया गया। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि लगभग पांच सौ वर्षों की कड़ी संघर्ष और बलिदानों की आहुती देने के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण होने के बाद आगामी 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है, जिसको लेकर संतो को निमंत्रण कार्ड जिला के पदाधिकारी द्वारा दिया जा रहा है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, मातृ शक्ति रेणु देवी, संगठन मंत्री रविन्द्र कुमार यादव, श्याम सुंदर चंद्रवंशी, अभिषेक पांडेय, समाजसेवी नवल गुप्ता, रामराज पांडे, रामजन्म साह सहित राम भक्त उपस्थित थे।08

## मारपीट कर मोबाइल की छिनतई

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के लोवादाग गांव निवासी राजकुमार राम का पुत्र हरेंद्र कुमार 25 वर्ष को अज्ञात लोगों ने मारपीट कर मोबाइल छीन कर फरार हो गया है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना का संबंध में हरेंद्र कुमार ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस नामक एक कंपनी में पैसा कलेक्शन का काम करता है। कलेक्शन कर अपने ऑफिस के पास पहुंचकर बाइक को लग रहा था। इस बीच दो बाइक पर सवार होकर पांच लोग पहुंचे। और गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। जब तक वह कुछ समझ पाता लोग मारपीट कर वहां से फरार हो गये।

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# सीपी मेमोरियल और स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने अपने-अपने मैच जीते

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान मैं खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन सीपी मेमोरियल स्कूल ने टेंडर हार्ट स्कूल को 56 रनों से ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने सेंट्रल स्कूल को 23 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में सीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि पाल के तूफानी पारी नाबाद शतक 126 रन और बिपुल के नाबाद 45 रनों के सहयोग से एक विकेट खोकर 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टेंडर हार्ट की ओर से मुकेश ने एक विकेट प्राप्त किया। 219 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी टेंडर हर्ट की टीम हिमांशु के 30 और रुद्र के 27 रनों के सहयोग से निधारित ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन ही बना पायी। सीपी मेमोरियल की और से सत्यम ने दो विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते होए यूनिश अंसारी के 80 रन की बदौलत 126 रनो का स्कोर खड़ा किया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की ओर से जिशान ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सेंट्रल पब्लिक स्कूल मदरसा रोड की टीम ने फेजान राजा के 29 और बादशाह के 16 रन के सहयोग से 103 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल स्कूल के रवि पाल को और स्कूल ब्राइट फ्यूचर के यूनिस अंसारी को संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, उमेश सिंह ने प्रदान किया। मौके पर प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक सुशील केशरी आयोजन समिति के सचिव आनंद सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, नवनीत, प्रिंस खान, मनीष, विशाल कुमार, आलोक आदित्य धीरज अभिषेक द्विवेदी अमित उपाध्याय, अभिषेक शामिल थे।

## सगमा के युवक की दुर्घटना में छत्तीसगढ़ में मौत



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी शिवदास पासवान के 30 वर्षीय पुत्र लाल मुनि पासवान की मौत छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बाइक दुर्घटना में हो गयी थी। मौत के 48 घंटे बाद एंबुलेंस के माध्यम से शव पैतृक गांव सगमा लाया गया। शव गांव आते ही मृतक के घर सांत्वना देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी अनुसार लाल मुनि पासवान पिछले दस वर्षों से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में अपने परिजनों के साथ रह कर मां तसेवरी ट्रांसपोर्ट में ड्राइविंग करता था।

# आधार अपडेट के लिए पंचायतवार शिविर लगायें अधिकारी: उपायुक्त

**डीसी ने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने के निर्देश दिए।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आधार अपडेट करने के लिए सभी पंचायतों में शिविर लगायें। उपायुक्त मंगलवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति तथा जिला ई गवर्नेंस सोसाइटी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला समाज कल्याण, पोस्ट ऑफिस तथा शिक्षा विभाग के यूआइडी किट को एक्टिवेट कर शीघ्र ही पंजीकरण करने के निर्देश दिए गये। इस संबंध में यूआइडी के जिला परियोजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में आधार बनाने के लिए 49 आधार केंद्र संचालित हैं, जो विभिन्न आधार रजिस्ट्रार द्वारा संचालित हो रहे हैं। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, झारखंड सरकार, सीएससी, शिक्षा विभाग, इंडिया पोस्ट विभाग, बैंक, बीएसएनएल आदि शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आधार ऑपरेटर आम जनों का आधार, केंद्र में बच्चों का नया आधार पंजीकरण और मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य करें। डीसी ने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों के आधार पंजीकरण में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आधार अपडेट करने के लिए पंचायतवार शिविर का आयोजन करें। उपायुक्त ने सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी आयु वर्ग में 100 प्रतिशत आधार सैचुरेशन के साथ बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक अद्यतन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र की स्थापना करने के निर्देश दिए तथा प्रज्ञा केंद्रों के संचालन, भारत नेट और झारनेट का भी समीक्षा की। इसी क्रम में भारत नेट प्रोजेक्ट व झारनेट आदि के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गयी। साथ ही इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश डीसी ने अधिकारियों को दिये।

# डकरा के दो युवकों की मांडर में पुल के नीचे गिरने से हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा खूंटी टोला निवासी दो युवक की बीती रात रांची जाने के क्रम में मांडर मुर्गू के पास बन रहे पुल के नीचे बाइक समेत गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक दोनों युवक मौसेरे भाई थे। मंगलवार की सुबह मांडर थाना के द्वारा परिजनों को सूचना देकर इस घटना की जानकारी दी गई। परिजनों के अनुसार सोमवार की रात लगभग 9 बजे खूंटी टोला निवासी 19 वर्षीय विनीत तुरी के मोबाइल पर फोन आया जिसके बाद उसने घर में बताया कि वह अपने दोस्त को लेने मौसेरे भाई 18 वर्षीय कारण तुरी के साथ रांची जा रहा है। जिसके बाद दोनों युवक पल्सर बाइक से रांची के लिए रात मे ही निकले। इसी दौरान लगभग 10 बजे के करीब मांडर के पास मुर्गू मे बन रहे पुल से नीचे बाइक समेत अनियंत्रित होकर गिर पड़े। सुबह आसपास के लोगों की नजर घटनास्थल पर पड़ी जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। इधर कुछ लोग सोशल मीडिया पर युवक की तस्वीर भेज कर मृतक की पहचान करने में जुटे रहे हैं। जिसके बाद दोनों मृतक युवक की पहचान खलारी के होने के बाद पुलिस के द्वारा सूचना परिजनों को दी गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों ही परिवारों में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक विनित तुरी के पिता विनोद तुरी ने बताया कि विनीत रांची में आइटीआइ का पढ़ाई करता था और इसी वर्ष उसका कोर्स कंप्लीट होने वाला था। इधर मृतक करण के परिजनों ने बताया कि वह मोहन नगर विद्या मंदिर स्कूल में दसवीं का छात्र था। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों मृतक के आवास पर परिजनों और आसपास के लोगों की भीड़ लगी रही। शव पहुंचते ही वहां का माहौल गमगीन हो उठा। दोनों युवकों का अंतिम संस्कार सुभाष नगर शमशान घाट पर देर शाम किया गया।

# आज एनके एरिया में निजी कंपनियों का काम बंद करायेगा रैयत विस्थापित मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक डकरा अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया के निजी कंपनियों एव आउटसोर्सिंग कंपनियो में रैयत विस्थापितो को रोजगार देने को लेकर सोमवार को महाप्रबंधक के साथ वार्ता हुई थी। लेकिन कोई नतीजा नही निकल पाया है। मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन ने कई बार आश्वासन दिया है लेकिन आजतक कोई ठोस पहल नही किया गया है। वही क्षेत्र के निजी कंपनी एव आउटसोर्सिंग कंपनियो ने भी कोई ठोस पहल नहीं किया है इसलिए 20 दिसंबर को एनके एरिया के निजी कंपनियों एव ट्रांसपोर्टिंग, आउटसोर्सिंग कंपनियो का काम पूरी तरह ठप करा दिया जायेगा। मोर्चा ने बंदी के लिए पूरी तैयारी कर लिया है। मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता निजी कंपनियों के काम बंद कराने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, नरेश गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझु, प्रकाश महतो, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, कमलेश तुरी, अशोक राम, सुनील यादव, श्यामजी महतो, सलामत, आजाद अंसारी, वीरू सिंह, तौहीद अंसारी, रविन्द्र यादव, संतोष यादव उपस्थित थे।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका

# देश में सुख-समृद्धि की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नलिनी रमण ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका। माता के दरबार में पूजा सुख-समृद्धि की कामना की। कहा कि 2024 में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से भाजपा की सरकार बने, इसका भी आशीर्वाद मां से मांगी। नलिनी रमण का जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष माधुरी देवी, महामंत्री रेखा देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, तमाड़ भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता ने स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महिला मोर्चा प्रवक्ता सुचिता सिंह ने कहा कि नलिनी रमण दो दिवसीय दौरे झारखंड दौरे पर आयी हैं। इस दौरान वे महिला मोर्चा की विभिन्न इकाइयों के साथ बैठक कर संगठन मजबूती की टिप्स देंगी। 2024 में देश के साथ ही झारखंड में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने पर मंथन होगा। सुचिता सिंह के अलावा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माधुरी देवी, महामंत्री रेखा देवी, नूतन केसरी, पिठौरिया मंडल महामंत्री ऊषा देवी, तमाड़ भाजयुमो के विवेक गुप्ता, शंकर सोनार, सुरेंद्र साहू, अरुण, विष्णु देव आदि शामिल थे।

## लखीनपुर खिरी नरसंहार के विरोध में सड़क पर उतरे किसान, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

# हत्यारे की गिरफ्तारी की आवाज बुलंद की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू के घुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल के समक्ष मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से लखीनपुर खिरी किसान नरसंहार के खिलाफ काला दिवस मनाया गया। साथ ही मोदी सरकार का पूतला फूंका। किसानों की फसल के लिए एमएसपी क्यों नहीं...जैसे नारे लगाये गये। जिला सचिव दिवाकर मुंडा ने कहा कि हत्यारे को केंद्र सरकार का समर्थन है। इस अवसर पर नीलकांत मुंडा, रीता स्वासी, अनुप दत्ता, रबि गोंझू, विशेश्वर महतो, विशेश्वर महतो, लोधरो मुंडा, लक्ष्मण कोइरी, उमेश महतो, घुरन पातर, व्यास महतो, ब्रजमोहन मांझी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पिपरवार कोयलांचल के लोग चतरा में तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास के इलाको के विभिन्न अंजुमन के लोग मंगलवार को चतरा के हंटरगंज मे एदारा शरिया दूारा आयोजित तहरीक ए बेदारी कान्फ्रेंस मे शामिल हुए। पिपरवार क्षेत्र के बचरा अंजुमन, कल्याणपूर अंजुमन और न्यु मंगरदाहा अंजुमन के लोग टंडवा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ताज के नेतृत्व मे एक साथ चतरा के लिए रवाना हुए। इस संबंध मे बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने कहा कि टंडवा प्रखंड के सभी अंजुमन कमेटी के लोग एक साथ वाहनो पर सवार होकर तहरीक ए बेदारी कांफ्रेंस के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि समाज को अच्छा संदेश देने के लिए यह कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है, जिसमें बिहार के पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बल्यावी की बातें सुनकर कई जानकारी मिली। आज हमारे समाज में बहुत कमी है। बहुत बुराइयां फैली हुई है। इस कांफ्रेंस के जरिए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का पहल किया गया है। समाज में नशाखोरी और दहेज प्रथा बंद करने, शादी विवाह में फिजूल खर्च बंद करने सहित कई बातों पर निर्णय लिया गया। कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से काफी सीख मिलती है। बेहतर समाज के लिए इस तरह का आयोजन काफी जरूरी है। कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वालों में हाजी इदरीश अंसारी, इस्लाम अंसारी, एजाजुल अंसारी, मोहम्मद ताज, आशिक अली, क्युम अंसारी, इदरीश अंसारी, नईम अंसारी, लियाकत अंसारी, सकील अंसारी, असलम अंसारी, आजाद अंसारी, सद्दाम अंसारी, मुस्लिम अंसारी,असगर अंसारी, सोनू अंसारी, जमीर अंसारी, जिलानी होदा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत सचिवालय मे मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,वृद्ध निर्मला देवी और दिलीप चौधरी ने मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपस्थिति सभी लोगो ने हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा और संचालन कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों को मिल रहा है। तीन करोड़ से अधिक पीएम आवास,12 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल के लिए कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक मुफ्त गैस कनेक्शन, सौभाग्य के तहत शत प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण,स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूर्ण स्वच्छता कवरेज शामिल है। इसी प्रकार किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। महिलाओं का सम्मान, राष्ट्र का निर्माण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र से सबका प्रयास से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, रामप्रसाद महतो, लक्ष्मण मंडल, चुरामन महतो, मंगल साहू, धर्मवीर महतो, निर्मला देवी, फूल कुमारी, यशोदा कुमारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ताऊ पंचायत समिति का गठन किया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक मंगलवार को बिचका टोली स्थित विशाल क्लब दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख रतन केसरी की उपस्थिति में जिला सहमंत्री राजीव कुमार झा के द्वारा ताऊ पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पंचायत समिति शिवनारायण महतो, मंत्री दिलीप महतो, बजरंग दल संयोजक, कुश कश्यप, मातृशक्ति प्रमुख चिंता देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मुस्कान कुमारी, सत्संग प्रमुख सिकंदर महतो को घोषित किया गया। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता राजकिशोर कुशवाहा, शिवराज सिंह, मानस मिश्रा, लव कुशवाहा के आलावा अन्य उपस्थित थे।

### मोबाइल लोक आदलत में दी नि:शुल्क कानूनी जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा मंगलवार को सोदे बाजार में मोबाइल लोक अदालत वैन और 100 दिवसीय बच्चों के हित से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों को उनकी मातृभाषा में नि:शुल्क कानूनी जानकारी दी गयी। एलएडीसी राजीव कमल ने डायन प्रथा, बच्चों के अधिकार, अनुसूचित जातियों के अधिकार, नि:शुल्क शिक्षा, तेजाब से पीड़ितों के लिए मुआवजा, एक्सीडेंट से पीड़ितों को मुआवजा, नशा मुक्ति और डालसा से मिलने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिवक्ता कुंदन कुमार, पीएलवी अंजू कच्छप, चांदमणि टुडू, लक्ष्मी देवी, नरेश कुमार, चंदन कुमार, हलधर कुमार आदि उपस्थित थे। मंगलवार को ही राजकीय कृत उच्च विद्यालय कर्रा में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों को संबो धित संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बच्चों को संविधान, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी।

### सीआरपीएफ ने जनजातीय समुदाय के 20 युवक-युवतियों को भेजा हैदराबाद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 20 जनजातीय युवा और युवतियों की टीम को मंगलवार को सीआरपीएफ परिसर से हैदराबाद के लिए रवाना किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी कमांडेंट ओएडी ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया ।इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी सीआरपीएफ और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ, ओडिशा के जनजातीय युवा-युवियों को देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में मानसिक और कौशल विकास के लिए भेजा जा रहा है। इस वर्ष अब तक 12 स्थानों देहरादून, जम्मू, नासिक, मुंबई, कोलकाता, पुणे, मैसूर, बेंगलुरु, हैदराबाद, नागपुर और लखनऊ के लिए 260 आदिवासी युवा ज्योतिया को खूंटी जिले की से भेजा जाना है। भ्रमण के दौरान युवा-युवतियों की टीम 21 से 27 दिसंबर तक हैदराबाद में रहकर वहां की कला, संस्कृति और परिवेश से अवगत होगी। इस अवसर पर उप कमांडेंट अंजन मंडल, सूबेदार मेजर संजीव, निरीक्षक राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# बिरसा कॉलेज में दो दिवसीय मूक बधिर शतरंज प्रतियोगिता शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बिरसा कॉलेज में बधिर क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दो दिवसीय मूक बधिर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से मूक बधिर शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, विभागीय सांसद प्रतिनिधि ज्योतिष भगत, चैंबर ऑफ कॉमर्स खूंटी के अध्यक्ष प्रियांक भगत, चंद्रकिशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अतिथियों सहित कॉलेज के प्राध्यापक डॉ सुधांशु शर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बताया गया कि बुधवार को प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सतीश सिंह, कमलेश महतो, बिनोद प्रजापति, सचिन सिंह आदि योगदान दे रहे हैं।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए 334 थानों का चयन, पर अब तक एक भी नहीं लगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर थाना के प्रवेश और मुख्य द्वार सहित अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 606 थानों में से 334 थानों का चयन किया गया है, लेकिन अब तक एक भी कैमरा नहीं लगाया गया है। यह जानकारी खूंटी के भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के तहत पूछे गये सवाल के उत्तर में सरकार द्वारा दी गयी। विधायक ने सदन से पूछा था कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी थानों के प्रवेश और निकास द्वार, मुख्य द्वार, लॉकअप, गलियारे, स्वागत कक्ष, लॉबी, बरामदे, आउट हाउस, इंस्पेक्टर कक्ष, दारोगा कक्ष, पुलिस स्टेशन परिसर के सामने, शौचालय के बाहर और ऑन ड्यूटी अधिकारी के कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया है इसके उत्तर में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए राज्य के 606 स्थान में 334 स्थान का चयन किया गया है लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गये हैं। सरकार द्वारा बताया गया कि 334 थानों के लिए 5258 सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना की स्वीकृति दी जा चुकी है। कार्य की जिम्मेदारी झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची को दी गयी है। बताया गया झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वयन के लिए एजेंसी के चयन की कार्रवाई की जा रही है।

### सामान्य वर्ग के छात्रों को अब भी मिल रही है पुरानी छात्रवृत्ति

एक अन्य अल्पसूचित प्रश्न के तहत विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सरकार से पूछा कि क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है, लेकिन सामान्य वर्ग के छात्रों को अभी भी पुरानी दर से ही छात्रवृत्ति दी जा रही है। इसके जवाब में सरकार द्वारा बताया गया कि विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों को संशोधित दर से छात्रवृत्ति देने के लिए स्वीकृति प्राप्त है।

## केंद्रीय किसान मेला आयोजन को लेकर विवेकानंद संघों की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी के मार्गदर्शन में प्रखंड के विभिन्न सेवा संघों द्वारा लगाए जाने वाले 45वां केंद्रीय किसान मेले के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को गेतलसूद प्रत्यक्षण फॉर्म में मेला समिति के अध्यक्ष सह नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में 45वां केंद्रीय किसान मेला आगामी 8-9 फरवरी 2024 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मेला को सफल बनाने के लिए मेला समिति का गठन किया गया। जिसके संरक्षक जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा, अनुराधा मुण्डा, प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, मुखिया शांति मुण्डा, अध्यक्ष भुनेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष राजकुमार बेदिया, मालया बेदिया, सचिव कमल बेदिया, सहसचिव मोहन बेदिया, सुधू बेदिया, बुधेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर महतो, सहयोगी लालो महतो, सफाई मंत्री चंद्रदीप बेदिया, बसंत मुण्डा, प्रचार मंत्री शिवचरण बेदिया, दिपेंद्र बेदिया, सुरक्षा मंत्री जितेंद्र उरांव, कैलाश महतो, सुरेश कुमार महतो, श्रवण मुखियार, अर्जुन बेदिया, फसल निबंधन बैजनाथ बेदिया, कलेश्वर बेदिया, करण सिंह बेदिया, बालेश्वर महतो, स्वागत मंत्री नरेन्द्र बेदिया, दूरी बेदिया, जयराम बेदिया, रतन बेदिया आदि बनाए गए। बैठक में ब्रहम्चारी चैतन्य महाराज, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अजित सिंह, डॉ एसएन गुप्ता, अरूण भक्त, एसटीआई हब के प्रखण्ड समन्वयक सुदिप्त सत्यपथी, गंभीर महतो, पहलु बेदिया, रोहित शाही, सोनी कुमारी, तुलसी महतो, जगदीश भोगता आदि मौजूद थे।

## आजसू गेतलसूद पंचायत महिला समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के गेतलसूद पंचायत स्थित रेशम सामुदायिक भवन में मंगलवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महिला पंचायत प्रभारी सोनी देवी ने की। बैठक के मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो थे। उन्होंने आजसू के नीति सिद्धांतों और सुदेश महतो के विकास मॉडल व विजन को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और विस्तार में पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुखों की भूमिका एवं दायित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। बताया गया कि आगामी बैठक में चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया जाएगा। मौके पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष किशुन महतो, पंचायत प्रभारी दीपक करमाली, ग्राम प्रभारी परमेश्वर महतो, रेशम महिला ग्राम प्रभारी बुधनी देवी, बनादाग प्रभारी होलिका देवी, बालचंद मुण्ड, वरीय कार्यकर्ता सुरेश महतो, शीला दवी, विनावती देवी, सोनी देवी, निराशो देवी, नीरो देवी, मंजु देवी, डुभन देवी आदि उपस्थित थे।

## सावना लकड़ा फुटबॉल क्लब ने एकतरफा मुकाबले में बीपीएसएस को 3-0 से हराया

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण रेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित 10वीं सद्भावना चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गये एक तरफा मुकाबले में सावना लकड़ा फुटबॉल क्लब नामकुम ने बीपीएसएस दुबलिया को 3-0 से हरा दिया। विजेता टीम की ओर से स्टार खिलाड़ी सुनील लोहार ने हैट्रिक गोल कर अपनी टीम को विजयी बनाया। मुख्य अतिथि स्वर्ण रेखा जलविद्युत परियोजना के परियोजना प्रबंधक विनय अंगीरा व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक अभियंता संजय सिंह ने सुनील लोहार को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया । वहीं बुधवार को सीकेपी चक्रधरपुर का मुकाबला लिटिल स्टार हुलहुंडू के बीच खेला जाएगा। मौके पर अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष फारूक खान, शिवधर रजवार, बलराम साहू, महावीर भोगता,रथूवा मुंडा, चरण बेदिया आदि मौजूद थे।

## जय गुरुदेव के सदस्यों ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जय गुरुदेव आश्रम के सदस्यों ने मंगलवार को मांडर, लापुंग व बेड़ो प्रखंड के 24 गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। सदस्यों ने जरियाडीह, कटर माली, टेंगरिया, नहरटोली, दरहाटांड़, सरनाटोली, पीपर टोली, मासू, मुड़ामू, गड़गांव, बेड़ो, डूमरटोली पुरियो कठर टोली, विसाहा खटंगा दजीर्जाड़ी, महुआजाड़ी, जोल्हाटोली नवा टोली, ददगो, बलांदु, चपा टोली, दरंदा, तेतरा, नदी टोली आदि गांवों में कंबल बांटा। मौके पर बेड़ो संगत के सदस्य जन्मेजय महतो, प्रकाश,सोमरा बैजनाथ, सिंधु, जूबी, पूर्व मुखिया उर्मिला देवी, अनिमा, सोहरी, ननकी देवी, दिनेश, काशीनाथ, जलेश्वर प्रसाद, सुकरी व मंजू देवी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेड़ो में चार दिनों से जलापूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति विभाग पीएचईडी में तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। आपूर्ति बाधित होने से बेड़ो वासियों को पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बेड़ो में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल के आपूर्ति के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बतातें चलें कि बेड़ो वासियों को पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग चार दशक पूर्व विभाग द्वारा जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी जो जर्जर हो गई है। जिस कारण आए दिन बेड़ो में जलापूर्ति बाधित रहती है। जर्जर टंकी में तकनीकी खराबी के कारण बेड़ो में पेयजल चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जबकि घर-घर जल पहुंचाने की सरकारी महत्वाकांक्षी योजना चल रही है।

### डिलिस्टिंग महारैली की सफलता को लेकर अनगड़ा-नामकुम में संयुक्त बैठक

# आदिवासियों का हक छीनने का करेंगे विरोध : रामकुमार पाहन

**बड़ी संख्या में शामिल होकर रैली को सफल बनाने का आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड में धर्मांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण एवं अन्य सुविधा नहीं मिले इसको लेकर जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले आगामी 24 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है, जिसे सफल बनाने को लेकर मंगलवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में अनगड़ा एवं नामकुम प्रखण्ड के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक हुई। इसमें खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने महारैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करने को कहा। रामकुमार पाहन ने कहा कि आदिवासियों के हक अधिकार को छीनने की हर कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में जनजातिय सुरक्षा मंच के प्रांतीय संयोजक संदीप उरांव, मीडिया प्रभारी सोमा उरांव, विनोद उपाध्याय, प्रमोद सिंह, रामसाय मुण्डा, सुनील महतो, अजय सिंह भोगता, समीर राय, सिकंदर अंसारी, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित अनगड़ा और नामकुम के प्रतिनिधि।

## अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** हाड़ कंपाती ठंड को देखते हुए नगड़ी प्रखंड के दर्जनों गांवों के ग्रामीण इस वर्ष भी अलाव का इंतजार कर रहे हैं। पर प्रशासन की ओर से अब तक कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नगड़ी अंचल कार्यालय की ओर से नगड़ी, देवरी, चेकपोस्ट और कटहल मोड़ सहित नगड़ी सहित विभिन्न पंचायत के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है। पर दिसंबर महीना समाप्ति की ओर है, लेकिन इस बार अब तक तक इन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से निराशा है। लोगों ने नगड़ी अंचलाधिकारी से अविलंब अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।

# रियाल्टो कंपनी ने किया सीआइटी के 37 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अलग-अलग शाखाओं में अध्यनरत कुल 37 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन रियाल्टो इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किया है। सभी चयनित विद्यार्थी 2024 (पासिंग ईयर) बैच के है। चयनित विद्यार्थियों में छह ईसीई, 13 विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच व 18 विद्यार्थी मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शामिल है। कंपनी के एचआर मैनेजर एन कार्थी एवं जे जयकरण ने विद्यार्थियों को ऑफर लेटर सौंपा। मौके पर चीफ कोर्डिनेटर (मार्केटिंग) प्रो अंकित सिंह, प्रो मंजूर आलम, कौसिक चटेर्जी आदि मौजूद थे। संस्थान के प्रो इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ केपी दत्ता ने बताया कि कंपनी पीएनजी क्षेत्र में नामचीन ओरल बीके प्रोडक्टओं के निर्माण से जुडी है। विद्यार्थियों को शुरुआती दौर में 2.4 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिलेगा। इनका जॉब लोकेशन चेन्नई होगा।

बता दें कि विद्यार्थी नये वर्ष में कंपनी ज्वाइन करेंगे। संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी है।



## 10 किमी मैराथन दौड़ में बेड़ो के वृद्ध ने हासिल किया तीसरा स्थान




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** इरादे बुलंद हो और संकल्प दृढ़ हो तो सब कुछ मुमकिन है। इसे साकार कर दिखाया बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव निवासी 74 वर्षीय ज्ञान राम सहगल ने। पेशे से सेवानिवृत्त शिक्षक ज्ञान राम विगत 17 दिसंबर को विशाखापत्तनम में आयोजित 10 किलोमीटर के मैराथन दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि मैराथन दौड़ का का आयोजन 65 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के लिए किया गया था। जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान पाया है। वे 30 सितंबर 2012 को बेड़ो प्रखंड के बिल्टी गांव के एक सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। इस ढलती उम्र में उन्होंने जो अनोखी मिशाल पेश की है वह युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उधर, 74 वर्ष की उम्र के इस पड़ाव में यह सम्मान मिलने से उनके परिजनों में भी खुशी का माहौल है। शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई भी दी है।

## रांची से विदा हुए कश्मीरी युवा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन समारोह कार्यक्रम वाइबीएन विश्वविद्यालय नामकुम के सभागार में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि टीएन साहू वीसी झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी रांची के अलावा विशेष अतिथि के रूप में रामजी यादव प्रो चांसलर वाईबीएन विश्वविद्यालय, हनी सिन्हा, राज्य निदेशक, एनवाईकेएस झारखंड और डॉ ब्रजेश कुमार, एनएसएस राज्य समन्वयक थे। विदाई समारोह में कश्मीरी योवओं को रांची विश्वविद्यालय वाईबीएन विश्वविद्यालय और नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड की ओर से समृति सवरूप गिफ्ट देकर विदा किया गया। एसपी सिंह डीडी एनवाईके रांची द्वारा स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन डीएसडब्ल्यू डॉ अर्पणा शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन ई कौशल किशोर ने दिया। गौरतलब हो कि कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2023-24 में कश्मीर से 122 छात्र आये हुए थे। पांच दिनों तक रांची के वाईबीएन विश्वविद्यालय कैंपस में रहें और झारखंड के विभिन पर्यटक स्थल के साथ-साथ राज्य भवन का दौरा किया। इनको मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम का भ्रमण कराया गया। उसके बाद गवर्नर हाउस में राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, खेल मंत्री हफीजूल हसन से शिष्टाचार मुलाकात की। रांची विश्वविद्यालय में वीसी के साथ सात्रिभोज व झारखंड के कल्चरल नृत्य का आयोजन भी किया गया था।

### धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

# 10 दिनों में धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खोला गया, तो करेंगे आंदोलन: अमरनाथ चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष कामेश्वर महतो के नेतृत्व में झारखंड सरकार के नाम सीओ नितिन शिवम गुप्ता को धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने की मांग को लेकर प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा अभी तक धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खोला गया है, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एक ओर किसान कम बारिश के चलते कम उपज से महाजन के कर्ज. में डूबे हैं, जो दूसरी ओर सरकार किसान का दर्द देख चुप्पी साधे हुई है। केंद्र सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति का समर्थन मूल्य 21. 83 रुपये एवं राज्य सरकार 1.17 रुपये बोनस दे रही है। धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानो को 23 रुपये प्रति किलो धान की राशि मिलेगीय। पर धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुलने से मजबूरन किसानों को 15 रुपए किलो धान बेचने पड़ रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि झारखंड सरकार अगर 10 दिनों के अंदर धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खोलती है तो भाजपा किसान मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो, रांची जिला ग्रामीण उपाधक्ष, महामंत्री अलखनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बड़ाइक, मंत्री राजकिशोर साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, अजय साहू और आनंद महतो आदि उपस्थित थे।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो में कार के धक्के से तीन किशोर व एक दिव्यांग बुजुर्ग समेत चार घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की सुबह 11.30 बजे सड़क दुर्घटना में तीन किशोर व एक दिव्यांग वृद्ध घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कार के धक्के से सड़क किनारे धूप शेक रहे करांजी गांव निवासी दिलशाद अंसारी (9), छोटू अंसारी (10), शाहिद अंसारी (14) के अलावा कुदारखो गांव निवासी बिग्गा तिर्की (55) घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां ड सुमन एक्का ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पता चला है कि हादसे में दिलशाद अंसारी, छोटू अंसारी व शाहिद अंसारी के पैर टूट गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल से कार बरामद कर लिया।

## कुच्चू स्कूल मैदान में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत कुच्चू पंचायत के स्कूल मैदान में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। वहीं, लोंगों से 351 अबुआ अवास के फार्म जमा लिया गया है। मौके पर ही 15 वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांगों के पेंशन की स्वीकृति दी गई व 35 वृद्ध व असहायों के बीच कंबल वितरित किया गाय। मजदूरों को जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन की स्वीकृति, बिरसा बागवानी योजना की स्वीकृति, जेएसपीएल से बैंक लिंकेज, बाल किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना आदि का लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम में अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद् सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि जनवितरण सफीक अंसारी, बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, अंचल निरीक्षक रमेश रवि, बीपीओ अवनींद्र कुमार, बीएसओ संतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष बरतु मुंडा, पशुपालन पदाधिकारी सेवा पालित, बीटी एम नीरा सविता जोजो, सरिता देवी, एतवा उरांव, पंचायत सचिव विनोद तिग्गा, मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जॉन तिग्गा, ग्राम प्रधान जयशंकर पाहन, रोजगार सेवक अशोक सिंह मुण्डा, जगमोहन बेदिया, जयदेव बेदिया, दुलाल बेदिया आदि मौजूद थे।

## महुगांव व लतरातू पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लतरातू व महुगाव पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लतरातू पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ एमानुएल जयवीरस लाकड़ा, मुखिया अलका तिर्की, पंसस और कृषि पदाधिकारी ने किया। जबकि महुगांव में मुखिया मेरी होरो, पंचायत समिति सदस्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कृषि पदाधिकारी ने नई तकनीक का इस्तेमाल कर जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। योजना आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर नलजल योजना, हर घर शौचालय, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की भी जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को डिजिटल चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। कंबल व गैस सिलिंडर व चूल्हा का भी वितरण किया गया।

## भाजपा युवा नेता आशीष साहू ने ओड़िशा के रायरंगपुर में गरीबों के बीच कंबल बांटा



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ओरमांझी के भाजपा युवा नेता सह युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष आशीष कुमार साहू, सदस्य विशाल सिंह, सिद्धार्थ राज साहू व रौनित ठाकुर ने मंगलवार को ओडिशा के मयूरभंज जिला के रायरंगपुर स्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने उनके आवास पहुंचे। हालांकि राष्ट्रपति के व्यस्त कार्यक्रम के कारण नहीं मिल पाए। इसके बाद भाजपा नेता ने गरीबों की बस्ती जाकर रैलपुर क्षेत्र में लगभग 100 जरूरतमंदों के बीच कपड़ा एवं कंबल का वितरण किया। इसके अलावा कई लोगों को खाद्य सामग्री और नकद राशि देकर सहयोग भी किया। आशीष साहू ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। मेरा एक ही लक्ष्य और उद्देश्य है गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना। मैं गरीबों की सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहूंगा। उनकी हर परेशानी में साथ रहूंगा।

## लोगों के सुख-दुख में खड़े रहना ही है आजसू का मुख्य उद्देश्य : प्रकाश लकड़ा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कुटियातु पंचायत के बजरंगबली मंदिर परिसर में मंगलवार को आजसू के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया। आजसू के रांची जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य ही आम जन-मानस की सेवा करना, सभी के सुख-दुःख में खड़े रहना है। कंबल वितरण कार्यक्रम तेतरी गांव प्रभारी पप्पू सिंह, वार्ड सदस्य सोभा मुंडा, गायत्री देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, पंसस रोजलिन तिर्की की अगुवाई में की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खिजरी विधान सभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मण महतो, प्रदीप तिर्की, घुमेश्वर महतो के साथ ग्रामीण मौजूद थे।

### किड्स कॉर्न स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए पूर्व विस अध्यक्ष

# बेटा हो या बेटी सभी को मिले एक समान शिक्षा : नामधारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** ढेला रोड स्थित किड्स कॉर्न पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी भी शामिल हुए। इसके अलावा जीएलए कॉलेज के पूर्व प्राचार्य चंद्रबली चौबे, प्रिंसिपल रजनीकांत पाठक, सतीश तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते इंदर सिंह नामधारी और अन्य।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को पढ़ाना एक पूजा के बराबर है। उन्होंने कहा कि बेटा हो या बेटी सभी को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। बेटी जहां जाती है वहां दीपक की तरह प्रकाश फैलती है। इसलिए बेटी को शिक्षा में किसी तरह की कमी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पाते हैं वह बच्चों के लिए शत्रु के समान है। उन्होंने किड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा किए गए कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की। कहा कि आने वाले दिन में यह स्कूल और उन्नति करेगा। वहीं, प्रिंसिपल रजनीकांत पाठक ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को कम संसाधन में अधिक शिक्षा देने के लिए विद्यालय परिवार संकल्पित है। विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। इसे ग्रहण कर अपना और अपने क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति समाज और राष्ट्र का प्रतीक होता है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा वेलकम डांस, भक्ति सॉन्ग, क्रिसमस सॉन्ग, झांसी की रानी, मुझे माफ करना ओ साई राम आदि गानों पर अक्षरा, प्राची, रानी, हिमांशु एवं सुधांशु आदि छात्रों ने नृत्य किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता भी नौजूद थे। मौके पर शिक्षक चंद्रशेखर दूबे, मृत्युंजय मेहता, गुंजन कुमारी, पल्लवी कुमारी, दीपा कुमारी, किरण देवी, श्रुति व तनु कुमारी उपस्थित थे।

# डाली में बन रहा विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर: कौशल

### पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में किया है उल्लेखनीय कार्य: रवि

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर बाजार पार्क में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, सीओ नित्यानंद प्रसाद, जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, सीडीपीओ शीला कुमारी ने संयुक्त रूप से थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और केरल के नारियल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद ने सभी लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए इस धर्म से जुड़ने का आह्वान किया। मुखिया पूनम जायसवाल व जिला पार्षद अमित व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने सभी अतिथियों को पर्यावरण वृक्ष मित्र स्मृति चिन्ह पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को स्वागत में पौधा दिए और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। आइएएस रवि कुमार ने विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर और पार्क में लगाए गए 22 देश के दुर्लभ प्रजाति के पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा हुआ क्षेत्र होने के बावजूद इस क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल एवं पर्यावरण धर्मगुरु की पत्नी सह डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। आईएएस रवि कुमार ने कहा कि इस पार्क में बहुत से दुर्लभ प्रजाति के पौधे लगे हैं जिसे आने वाले पीढ़ी को दर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे हैं जो अपने निजी खर्चों से मानव कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की आग बुझाने के लिए पिछले पांच दशक से कौशल जी पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते आ रहे हैं। इसके लिए ये सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

वहीं, वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर व पार्क के दुर्लभ प्रजाति के पौधों का अवलोकन अबतक जिले व प्रखंड के सभी आलाधिकारी एवं राजनेता कर चुके हैं। सभी ने अवलोकन के पश्चात पर्यावरणविद के इस कार्य की सराहना की। मौके पर सुचित जायसवाल, उप मुखिया नगीना खातून, विवेक कुमार,आकाश कुमार, महेजर यादव, अरविंद कुमार, चंदन सिंह, पंचायत सेवक प्रेमचंद दास, बीपीओ चंद्रशेखर दूबे, शैलेश कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, जुबेर अंसारी, अफजाल अंसारी, विनोद यादव, राम जी प्रसाद, अमरेंद्र कुमार रवि, कल्पना देवी, सीआई हरि कुमार, उपेंद्र कुमार, कैथल कुमार, मनीष कुमार, सुजीत कुमार पटेल, सत्येंद्र प्रसाद, अमन कुमार, सुमित कुमार, गुलाम गोस, शिवनाथ राम, बाबू राम, राम लालू प्रसाद, शमीम अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, कर्म देव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीसी ने किया डाल्टनगंज और छतरपुर का दौरा



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर 76-डालटनगंज एवं 78-छतरपुर(अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान डीसी ने जिले के मेदिनीनगर नगर निगम, चैनपुर एवं पाटन प्रखंड के अंतर्गत अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद इन मतदान केंद्रों में प्राप्त दावा-आपति संबंधि प्रपत्रों का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर से निष्पादित किये गए प्रपत्रों की सुपर जांच की। उन्होंने मतदान केंद्रों पर नाम जोड़ने, विलोपन एवं सुधार सम्बन्धी प्रविष्टियो की जांच के लिए संबंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच की और पुनरीक्षण संबंधि कार्यो के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### पलामू डीसी ने की प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास से शिष्टाचार मुलाकात



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास से मंगलवार को पलामू डीसी शशि रंजन ने शिष्टाचार मुलाकात की। डीसी आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से मिले। इस दौरान दोनों के बीच राजस्व एवं विकास संबंधी योजनाओं को गति देने एवं उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

### परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी के निर्देशानुसार परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने सोमवार रात व मंगलवार को हरहिरगंज व छतरपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज में 40 वाहनों की जांच की गयी व 23 वाहनों को जब्त किया गया। इसी तरह छतरपुर में 68 वाहनों की जांच की गयी व इन वाहनों चालकों से बतौर जुमार्ना 87 हजार रुपये की वसूली की गयी। इस संबंध में डीटीओ ने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहन का परिचालन करने की अपील की।

# मनरेगा जॉब कार्ड में फर्जीवाड़ा

### लोकपाल को आवेदन देकर जांच की मांग

**मामला महुदंड पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना का**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत महुदंड में मनरेगा योजना में हो रही गड़बड़ी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव ने पलामू के उपविकास आयुक्त व मनरेगा लोकपाल को आवेदन दिया है। जिसमें योजना की जांच कर अविलंब कार्रवाई करने की बात कही है। आवेदन में कहा है कि महुदंड पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्यो में काफी गड़बड़ी है। योजना में वैसे मजदूर जो दूसरे जगह कार्यरत है। उनके नाम पर भी गलत तरीके से जॉब कार्ड बनाकर पैसे की निकासी की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों की मिलीभगत से 8वीं, 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड में उम्र बढाकर उनका भी जॉब कार्ड निर्गत किया गया है। उनके नाम पर भी मनरेगा योजना में गलत तरीके से राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही एसबीआइ में कार्यरत होमगार्ड के नाम पर भी जॉब कार्ड बनवाकर राशि की निकासी की जा रही है। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं में भी जो लोग बाहर रह रहे हैं, उनका भी जॉब कार्ड बनवाकर निकासी की जा रही है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि इसके पूर्व बीडीओ को आवेदन देकर डोभा निर्माण कार्य में हुई गड़बड़ी पायी गयी थी। जिसमें 7 लाख रुपये वसूली का निर्देश भी दिया गया था। पर अभी तक राशि की वसूली नहीं हो सकी है। उन्होंने योजना की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने व राशि की वसूली करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया मीना देवी ने बताया कि इस तरह का आरोप बेबुनियाद है। कुछ लोग राजनीतिक से प्रेरित होकर छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगा रहे हैं।

# विधायक कमलेश सिंह ने सदन में उठाया हुसैनाबाद के डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू कराने का मामला

**विभागीय मंत्री ने कहा : अगले सत्र से हुसैनाबाद डिग्री महाविद्यालय में होगी पढ़ाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नवनिर्मित डिग्री महाविद्यालय भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण लिमिटेड से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा हस्तांतरित कर पढ़ाई शुरू करने का मामला मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सदन में उठाया। उन्होंने पूछा कि हुसैनाबाद डिग्री महाविद्यालय का नवनिर्मित भवन थर्ड पार्टी निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन सहित पलामू कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग की ओर से हस्तांतरण करने के लिए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय को पत्राचार किया गया है। मगर अब तक भवन को हस्तगत नहीं किया जा सका है। जिससे डिग्री कालेज शुरू नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ने जवाब दिया कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के 15 दिसंबर को पत्रांक 642 द्वारा प्रतिवेदन किया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा जांच समिति जिसमें कार्यपालक अभियंता सदस्य थे, नौ सितंबर 2023 को भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाविद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य अधूरा होने व कंप्यूटर उपलब्ध नहीं होने के कारण हस्तांतरण नहीं लिया गया है। संबंधित मंत्री ने अगले सत्र से हुसैनाबाद के डिग्री महाविद्यालय को शुरू कराने का आश्वाशन दिया है।

# सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्याद लाभ उठायें ग्रामीण : बीडीओ


**- सरकार आपके द्वार का आयोजन**
**- राजहारा में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड के राजहारा पंचायत भवन परिसर में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बीडीओ सुकेशनी करकेटा, 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष मनदीप मेहता, मुखिया आशा देवी एवं पंचायत समिति सदस्य दिवाकर शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख, आधुनिकीकरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, मुखिया मनदीप मेहता, नौडीहा पंचायत मुखिया आशा देवी राजहरा पंचायत को शिविर में प्रशस्ति पत्र दिया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित हो रहे योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। यह कार्यक्रम आपके सुलभता के लिए पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का संचालन बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा ने किया। विभिन्न विभाग के स्टॉल के बारे में विस्तृत जानकारी दिए की कौन सा कार्य कहां हो रहा है। विभिन्न कर्मचारियों द्वारा लगाए गए स्टॉल में अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, पशुधन योजना, मनरेगा योजना आदि स्टालों पर ज्यादा भीड़ दिखी। शिविर में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 20 लाभुक, 20 आईडी, 5 जॉब कार्ड, 130 कंबल का वितरण किया गया। कल्याण विभाग द्वारा पंचायत के 10 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रतीकात्मक चेक दिया गया। इस मौके पर मनरेगा एई बिपुल कुमार, बीपीओ मनरेगा रविकांत सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे।

## स्पोर्ट्स



रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए फुटबॉस कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को 9-0 से रौंद कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है।

### टूर्नामेंट : जोनल स्तरीय पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता ने पलामू जिला उपविजेता को 9-0 से रौंदा

आजाज सिपाही संवाददाता



**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मैच मंगलवार को मोरहाबादी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम एवं मंदिर मैदान में खेला गया। मैच के शुरूआत में जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. जबकि प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। दूसरे दिन महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को आसानी से 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में रांची विजेता टीम ने पलामू विजेता टीम को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरूष वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल में गढ़वा विजेता टीम ने रामगढ़ विजेता टीम को 04-02 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोहरदगा विजेता ने रांची उपविजेता को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रामगढ़ विजेता टीम ने गढ़वा विजेता टीम को 03-00 गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल रांची उपविजेता टीम ने लातेहार उपविजेता टीम को 02-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशाखा पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान, फुटबॉल प्रशिक्षक गोपाल तिर्की ,अनमोल तिर्की, हसन अंसारी,कालीचरण महतो, अख्तर हुसैन, सुनील महली, कर्म सिंह मुंडा, बिरसी मुंडू ,मुकेश कुमार, हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति आदि उपस्थित थे। पुरुष वर्ग के मैच में रांची ने पलामू को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया ।एक अन्य मैच में रामगढ़ विजेता टीम ने पलामू उप विजेता टीम को 4-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया ।वहीं महिला वर्ग में रांची विजेता ने पलामू विजेता को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मैच कल प्रातः 8:00 बजे से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला जाएगा। इस जोनल प्रतियोगिता में 12 पुरुष एवं 12 महिला टीम में भाग ले रही है। जिसमें रांची, पलामू, रामगढ़, लातेहार, गढ़वा, लोहरदगा की विजेता एवं उप विजेता टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं समापन समारोह दूसरे हाफ में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में होगा।

### मास्टर स्नूकर में शुभम चैंपियन



रांची (आजाद सिपाही)। 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहा है। उक्त प्रतियोगिता में मंगलवार को निम्न खिलाड़ियों ने अपने मैच जीते। इसमें टीपू डॉ स्नेहांशु, चाहत राज, संजीत कुजूर, आयुष शशांक शर्मा शामिल हैं। वहीं स्नूकर में शुभम कुमार चैंपियन बनकर उभरा।

# सरकार आपके द्वार का दिखा सकारात्मक असर, परेशान दंपति की पेंशन शुरू

**बइठल-बइठल काम हो गया, यह खुशी की बात है, सरकार को धन्यवाद : वकील राम**
**ढेर दिन से परेशान हली, आज हमीन दुनों के पेंशन घरे भीर बन गइल :नारायण यादव**



पेंशन फॉर्म स्वीकृत होने के बाद सरकार का धन्यवाद करते ग्रामीण।

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचयातों, नगर पंचायत व नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं। वहीं कई लोगों का शिविर में ही ऑन स्पॉट पेंशन सहित कई कार्य निपटाये जा रहें है। किसी का आधार तो किसी को कंबल वितरण किया जा रहा है जिसे देख कर ये कहा जा सकता है कि लोगों का काम उनके घर पर ही किया जा रहा है।

मंगलवार को छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड 14 में शिविर का आयोजन किया गया था। इसी शिविर में वकील राम अपनी पत्नी चांदो देवी संग वृद्धा पेंशन का फॉर्म देते हुए बताया कि आज से पहिले न जाने कय बार कहां-कहां दौड़ के फॉर्मवा भर ली लेकिन कहीनो पैसा नहीं आइल। इहो शिविर के बड़ी हाला सुनके इहां भी आवेदन देली इहे सोचकर कि ई घर भीर फॉर्म देवेला बा। बड़ी खुशी होईल कि हमीन दुनों बेकत के एक साथे शिविरवा में बइठल-बइठल सीधे पेंशन के कागज मिल गइल। यह बहुत खुशी की बात है सरकार को धन्यवाद। इसी तरह नारायण यादव के साथ उनकी पत्नी अनरवा देवी का भी पेंशन ऑन स्पॉट स्वीकृत किया गया। इनके अलावे शिवपूजन साव व नंदलाल राम का भी पेंशन ऑन स्पॉट ही बनाया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 18 बर्थ सर्टिफिकेट, 31 मृत्यु प्रमाण पत्र व 40 बच्चों के बीच स्कूली पोशाक का वितरण भी किया गया। वहीं कई स्थानीय जरूरतमंद वृद्धि व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। मौके पर छतरपुर बीडीओ सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो, सीओ नित्यानंद प्रसाद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, उपाध्यक्ष चंदन सिंह आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## डिगवाडीह न्यू एंजेल्स होम स्कूल में मनाया गया 18वां स्थापना दिवस




जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। डिगवाडीह स्थित न्यू एन्जेल्स होम स्कूल में मंगलवार को विद्यालय का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर और प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने दिवंगत स्कूल संस्थापक शब्बीर अख्तर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य मो आफताब आलम ने स्कूल के 18 साल के सफर का बयान करते हुए सभी अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद दिया। कहा कि यह उनके सहयोग का ही नतीजा है कि आज स्कूल इस मुकाम पर है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों के बीच रंग भरो, क्राफ्ट मेकिंग, स्पून एंड बॉल रेस, सुई धागा रेस और फ्रॉग रेस प्रतियोगिता कराया गया, जिसमें बच्चों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शित किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरमिश, साइमा, बिंदू, इफ्तेखार, उत्तम, विकाश, सोनू, संजीव, नियाज, किस्कू, सगीर, जैनब, ज्योति, बबली के साथ ही समस्त शिक्षक की भूमिका सराहनीय रही।

## पदनटांड़ प्राथमिक विद्यालय में 100 बच्चों के बीच स्कूल कीट का वितरण



नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड के सुरही पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पदनटांड़ में गुंज नई दिल्ली के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच स्कूल कीट का वितरण किया गया। नावडीह प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, सुरही मुखिया विश्वनाथ महतो एवं समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से वितरण किया। प्रखंड प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को विधालय अनिवार्य रूप से भेजें। साथ ही बच्चों को ठंढ में गर्म कपड़े पहनकार ही विधालय भेजे। उन्होंने गूंज नई दिल्ली को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह से विद्यालय में कार्यक्रम होने से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ जाती है। क्षेत्र में ऐसे कई जरूरतमंद बच्चे हैं, जो स्कुल तो आते है लेकिन उसके अभिभावक स्कुल कीट खरीदने में असमर्थ है। उन्होंने गूँज नई दिल्ली एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन होने से हमारे क्षेत्र में शिक्षा कि स्थिति पर बहुत ज्यादा सुधार होगा और बच्चे की उपस्थिति भी विद्यालय मे बढेगी। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि गुंज नई दिल्ली के सौजन्य से समिति द्वारा प्राथमिक विधालय पदनाटांड़ में बच्चो के बीच स्कूल किट का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों से श्रमदान कर विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। जिसके बाद बच्चों के बीच खेलकूद व योगा कराया गया। इसके बाद स्कूल किट का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सुरही मुखिया विश्वनाथ महतो, उपमुखीय शांति देवी, अनवर अंसारी, लक्ष्मण गुप्ता, नुनुलाल टुड्डू, पाण्डेय बास्के, दिनेश बास्के, साहेब राम मरांडी, उपासी देवी, अनिता देवी, खेमिया देवी, सहित कई बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

## मां ने दूध मुंहे बच्चे पर किया धारदार हथियार से हमला, चाची ने बचाया

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा थाना अंतर्गत झरियापाड़ा क्षेत्र में सोमवार की रात एक दिल झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र की एक महिला ने अपने डेढ़ साल के दूध मुहे बच्चे के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। बच्चा फिलहाल पश्चिम बंगाल के एक निजी अस्पताल में मौत से लड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त बच्चे की मां सोमवार की देर रात धारदार हथियार से बच्चे के चेहरे एवं गाल पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि भगवान की देन है कि समय रहते बच्चे की चाची ने देख लिया और झप्पटा मार कर बच्चे को उसकी मां से छीन लिया। अन्यथा मासूम की जान चली जाती। जब घटना की खबर आसपास के लोगों को मिली तो लोग सुन कर सन्न रह गए। हालांकि स्थानीय लोगों का यह भी कहना है की उक्त महिका हर समय अपने बच्चे को सीने से लगा कर रखती थी परन्तु अचानक उसे क्या हुआ की अपने ही बच्चे की जान की दुश्मन बन गयी। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि उक्त महिला विक्षिप्त है। फिलहाल चिरकुंडा पुलिस उक्त महिला को चिरकुंडा थाना ला कर रखे हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कार्रवाई : उत्पाद विभाग ने जब्त की लाखों रुपये की नकली शराब**

# नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर चल रहा था शराब का अड्डा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नव वर्ष और क्रिसमस के त्योहार को लेकर उत्पाद विभाग पूरी तरह रेस है। इसको लेकर अवैध शराब धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने धनबाद सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर प्रेमनगर में किराए के मकान में छापामारी कर नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। छापामारी के दौरान विभाग ने मौके से लगभग डेढ़ लाख रुपये के नकली शराब बरामद किया। वहीं लगभग 70 लीटर स्पिरिट और 80 लीटर नकली शराब बरामद कर जब्त कर लिया। हालांकि विभाग की टीम को देख तस्कर सागर वर्णवाल छत से खुद कर फरार हो गया। वहीं, उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा कि किराये के मकान में लगभग एक महीने से नकली अंग्रेजी शराब बनाने का काम चल रहा था। सूचना मिलने के बाद छापामारी किया गया। मौके से विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी नकली शराब जब्त किया गया। डेढ़ लाख का शराब जब्त हुआ है। हालांकि शराब भाग निकला। मकान मालिक की भी संलिप्तता की जांच की जा रही है। क्रिसमस व नव वर्ष को लेकर एक्साइज विभाग अवैध शराब धंधेबाजों के खिलाफ अभियान चलाकर छापामारी कर रही है जो आगे भी जारी रहेगा।



अवैध शराब की भट्ठी में छापामारी के बाद जब्त शराब।

## भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त, भागे चोर

जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी कोलियरी के समीप गुप्त सूचना के आधार पर सीआइएसफ टीम ने छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। जिसकी सूचना जोड़ापोखर पुलिस और लोदना महाप्रबंधक को दी। कहा जा रहा है की उक्त क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार कई महीनों से चल रहा था। इस गोरखधंधे में धनबाद के चर्चित घराने के समर्थक और थापा एंड कंपनी शामिल है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप है।

## जमीन के बदले नौकरी-मुआवजा की मांग को लेकर सपरिवार धरने पर रैयत




**बस्ताकोला जीएम : आरोप गलत, एक भाई कर रहा नौकरी**

झरिया (आजाद सिपाही)। 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल द्वारा अधिग्रहण किये गए जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा नहीं दिए जाने से त्रस्त आमटाल निवासी रैयत कार्तिक चंद्र गोराई सपरिवार करीब दो महीन से नियोजन व मुआवजा की मांग को लेकर बेड़ा कोलियरी गेट के समीप धरने पर बैठे हैं। हद तो तब हो गयी कि धरने पर बैठे इस परिवार की अब तक किसी भी बीसीसीएल अधिकारी ने सुधि तक नहीं ली है। जब कि हर रोज बीसीसीएल के कई अफसर अपने कार्यालय आते और जाते हैं। इस बाबत कार्तिक ने बताया कि प्रबंधन ने झरना बेड़ा व आमटाल मौजा के जमीन का अधिकरण किया था। वे पिछले 16 वर्षों से बीसीसीएल को पत्राचार कर रहे हैं पर आज तक उन्हें जमीन अधिग्रहण के बदले न तो नियोजन मिला और ना ही मुआवजा। अब तक उन्होंने इस बाबत भू- संपदा पदाधिकारी, बीजीसीएल सीएमडी, बस्ताकोला जीएम समेत कई अधिकारियों को पत्र लिख कर न्याय की गुहार चुके हैं। समस्या को कोई समाधान न होता देख अंत में वे आत्महत्या को बाध्य होंगे। वहीं, बीसीसीएल के बस्ताकोला एरिया के जीएम जीसी रॉय ने बताया कि कई बार बीसीसीएल के साथ कार्तिक गोराई की वार्ता हुई है। कार्तिक के पिता ने जमीन बीसीसीएल को दिया था। उनका एक भाई नौकर भी कर रहा है। इस लिए कार्तिक की ओर से लगाए गए सभी आरोप गलत हैं।

# नेता प्रतिपक्ष से मिले कुमार अमित

## बोकारो नगर एवं पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाने की मांग

**हवाई अड्डा, मेडिकल कॉलेज, फुटपाथ दुकानदारों के स्थाईकरण और विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल करने को लेकर सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मंगलवार को विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात कर बोकारो के विकास से संबंधित अनेक विषयों को सदन में उठाने एवं उस पर सकारात्मक पहल करने की मांग की। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें अमित ने बोकारो स्टील प्लांट के लिए अधिग्रहीत जमीन से प्रभावित चास प्रखंड के 20 गांव (उत्तरी विस्थापित क्षेत्र) को पंचायत में शामिल करने, निमार्णाधीन बोकारो हवाई अड्डा के कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने, प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कार्य को धरातल पर उतारने, चास प्रखंड को काट कर बोकारो नगर और पिंड्राजोरा नाम से नया प्रखण्ड बनाने, बोकारो में उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना करवाने, झुग्गी-झोपड़ी एवं फुटपाथी दुकानदारों के स्थाईकरण के लिए कानून बनवाने आदि की मांग की है।



## नोटों के बंडल और मशीन के साथ अभिषेक का वीडियो सार्वजनिक



आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र स्थित करगली बाजार निवासी अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ कृष्णा का एक विडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह नोटों का बंडल रख रहा है। उसके बगल में नोट गिनने की मशीन रखी हुई है। इस संबंध में उसने कहा कि नोट गिनने की मशीन निरंजन अग्रवाल की है। जबकि नोटों का बंडल बच्चों के मनोरंजन बैंक का है। लगभग ढाई माह पूर्व मजाक में पैसों को गिनते हुए होटल में विडियो बनाया था, लेकिन निरंजन अग्रवाल से झगड़ा होने पर उसने विडियो वाइरल कर दिया।

## जेबीवीएनएल का ट्रांसफार्मर जलकर हुआ राख

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद हटिया मोड़ के पास झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का 200 केवीए का ट्रांसफर्मर जल गया। घटना मंगलवार की सुबह 10 बजे घटित हुई। ट्रांसफर्मर का 100 लीटर ऑयल भी जल गया। आग एक घंटे तक लहलहाता रहा। लेकिन बुझाने वाले कोई नहीं था। बिजली विभाग अधिकारी खबर के बाद भी नहीं आये। करीब एक घंटे बाद मेंडेज कर्मी पहुचंकर बाल्टी से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। किसी के पास फायर ब्रिगेड का नंबर भी नही था। एक पत्रकार ने धनबाद फायर ब्रिगेड को सूचित किय। आग लगने के करीब डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंचा और 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर की कीमत करीब ढाई लाख बताई जा रही है।

# सिंडिकेट ठेकेदार व मजदूरों में मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया क्षेत्र अंतर्गत सेल चासनाला कोलियरी के डिप माइन खदान के बत्ती घर में सिंडिकेट ठेकेदार और मजदूरों के बीच हुई झड़प के बाद कोलियरी के आसपास तनाव का माहौल है। ठेका मजदूरों की पिटाई से मजदूर राजनीति गरमा गई है। बताते चलें की ठेका मजदूर कई सूत्रों मांग की लेकर मजदूर प्रथम पाली में कार्य बंद किए हुए थे। कुछ मजदूर बंदी का समर्थन कर रहे थे विरोध में थे। मजदूरों ने बताया की द्वितीय पाली में सेल कर्मी उपेंद्र पांडे, सिंडिकेट ठेकेदार समर्थक ब्रजेश पांडेय, शैलेंद्र पांडे के साथ आए और बत्ती घर में ही मजदूरों के साथ मारपीट शुरू कर दिया। जिससे मजदूरों में डर का माहौल हैं। चर्चा है कि ठेकेदार समर्थक की भी जमकर पिटाई हुई है। बाद में बत्ती घर में छुपकर उन्होंने अपनी जान बचाई। मारपीट की खबर पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया। घटना के बाद से सिंडिकेट ठेकेदार काम बंद किए हुए हैं। सेल प्रबंधन का बात कोई नहीं सुन रहा हैं। मजदूरों की पिटाई पर कांग्रेस नेता शमशेर आलम, इंटक नेता बमभोली सिंह, जनता श्रमिक संघ के साजन सिंह, राजकुमार सिंह ने घटना पर दुःख प्रकट किया और विरोध जताया, कारवाई और उपेन्द्र पांडे पर विभागीय जांच की मांग की।




**समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा।**

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों (B.Ed.) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति,जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए योजना वर्ष –2021–22 हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना :–

**सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचति जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष –2021–22 में राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र –2021–23 में चतुर्थ साक्षात्कार के बाद नामांकित छात्र–छात्राओं के प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के सत्यापन हेतु निम्न प्रकार आवधि विस्तार किया जाता है :–

1. **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा:–**

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कारवाई | कार्रवाई के लिए निर्धारित अतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | (B.Ed.) महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के आवेदनों का INO द्वारा सत्यापन। | 23.12.2023 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 313761 (Simdega) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला परिषद, राँची (अभियंत्रण शाखा)**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–**DOPR/DE/Ranchi/26/2023-24**

| S.No | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बुड़मू प्रखण्ड अंतर्गत मुरूपीरी में मुरूपीरी बाजार टांड से दोगास आराई टाना भगत टोली तक 3290 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण (आकार x15x8) | 9950000.00 | 304000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| | बुढ़मू प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत ठाकुरगांव के ग्राम ठाकुरगांव बेरवारी मुख्य पथ जीवन बगीचा से जुहरू तक 2960 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 5246700.00 | | | |
| | कुल | **15196700.00** | | | |
| 2 | बुड़मू प्रखण्ड अंतर्गत सहेदा स्नाही भाया जलेष्वर धाम तक 4110 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7336700.00 | 147000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 3 | बुड़मू प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत मक्का के ग्राम भागोटोली में फूलीसाव के घर से बड़का पुल तक 4930 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 8015000.00 | 359500.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 4 | Construction of R.S. Munda 10+2 SR. Secondary School Building Bundu. (Construction of Ground Floor) | 13475800.00 | 270000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

**नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।**

1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.12.2023
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय –28.12.2023 से 04.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि–05.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न।

**ई–निविदा प्रकोश्ट का दुरभाष नं0–**

6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
10. इस निविदा में क्रमांक 01 से 03 तक जिला परिषद, रॉची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें एवं क्रमांक 04 में जिला परिषद, राँची एवं भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

PR.NO.313783 Panchayati Raj(23-24):D — जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉची।


**कार्यक्रम : एनएसयूआइ बीबीएमके विश्वविद्यालय कमेटी का हुआ गठन**

# उत्तम कुमार अध्यक्ष और अंकित बने कार्यकारी अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एनएसयूआई विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को कमेटी गठित की गई। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी और झारखंड प्रदेश के प्रभारी प्रशांत तिवारी द्वारा विश्वविद्यालय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें उत्तम कुमार को अध्यक्ष और अंकित कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष और नवाजिश अफजल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव के पद पर महताब आलम, मोहित कुमार और मनीष झा को मनोनीत किया गया। वहीं, सचिव के पद पर जयप्रकाश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर साक्षी कुमारी,शिवांगी कुमारी को कमेटी में शामिल किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी को संगठन द्वारा पुष्पगुछ और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही कुलपति पवन पोद्दार, रजिस्ट्रार कौशल कुमार, परीक्षा नियंत्रक सुमन बरनवाल, केमिस्ट्री के प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा नई कमेटी का स्वागत किया गया।



### कमियों को दूर करना प्राथमिकता : उत्तम

विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुमार ने कहा कि वह संगठन के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और छात्र हित में लगातार कार्य करेंगे। उनका प्राथमिक एजेंडा परीक्षा विभाग में होने वाली कमियों को दूर करना है।

### मूलभूत सुविधाओं पर दिया जायेगा ध्यान : अंकित

कार्यकारी अध्यक्ष अंकित ने कहा कि उनका प्राथमिक एजेंडा है कि वह विश्वविद्यालय परिसर में जो मूलभूत सुविधाएं जैसे की लाइब्रेरी प्रैक्टिकल लब ड्रेस और आईडी कार्ड कंपलसरी इत्यादि बिंदुओं पर सर्वप्रथम कार्य करेंगे।

### जल्द जारी होगा हेल्प लाइन नंबर : गोपाल

संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा की एनएसयूआई कमेटी की सर्वप्रथम जिम्मेदारी पूरे विश्वविद्यालय में एक भी छात्र को अगर किसी भी प्रकार की समस्या है तो उसे पर उचित कदम उठाया जाए। जिसको लेकर जल्द ही संगठन के द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। किसी भी छात्र को समस्या हो तो वह संगठन से संपर्क करके अपनी समस्याओं को बिना संकोच बता सकें। मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, जिला महासचिव रोहित पाठक, चितरंजन कुमार, झरिया नगर अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, कतरास नगर अध्यक्ष साहिल अली, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, सचिव आकाश प्रमाणिक, सौरभ राय, अपर्णा मंडल उपस्थित थे ।

# ममता ने पीएम कैंडिडेट के लिए खड़गे का नाम सुझाया

## केजरीवाल का समर्थन, अखिलेश चुप, खड़गे बोले- इस पर चुनाव के बाद बात होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** आइएनडीआइए के नेताओं की चौथी बैठक (19 दिसंबर) दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का सुझाव रखा। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह जानकारी बैठक के बाद (मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम) के सांसद वाइको ने दी। हालांकि पीएम फेस के सवाल पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुप्पी साध ली। पत्रकारों के सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा- पहले हम सभी को लोगों को जीतकर आना है, पहले इस पर विचार करना होगा। इस पर काम करेंगे। अगर हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके हम क्या करेंगे। बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा नेता अखिलेश यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और जयंत चौधरी भी मौजूद रहे।

### मीटिंग में 28 पार्टियों ने हिस्सा लिया

मीटिंग के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि चौथी मीटिंग में 28 पार्टियों ने हिस्सा लिया। नेताओं ने अपने विचार गठबंधन के सामने रखे। लोगों के हित में सबको मिलकर अपना काम करना है या मुद्दे को उठाना है। पूरे देश में कम से कम 8-10 मीटिंग करने का फैसला हुआ है। बीजेपी सरकार में देश की संसद से सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है। इसके लिए सबको मिलकर लड़ना होगा जिसके लिए हम तैयार हैं।

## न्यूज रील्स

### तपेदिक उन्मूलन के लिए एनटीपीसी ने कोकराझार के साथ हाथ मिलाया



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने टीबी मुक्त भारत की उम्मीद में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन, कोकराझार, असम के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी 2025 तक टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ए एमयू 12 महीने के लिए कोकराझार जिले में 100 टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करने पर जोर देता है।
यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की टीबी मुक्त भारत पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य 2025 तक भारत से टीबी का उन्मूलन करना है। पहचाने गये टीबी रोगियों को जिला टीबी अधिकारी के माध्यम से भोजन की टोकरियां प्राप्त होंगी, जिसमें एनटीपीसी बोंगाईगांव द्वारा जिला प्रशासन को अर्थ उपलब्ध कराया जायेगा।

# मुख्यमंत्री राउरकेला में फैली डायरिया स्थिति की समीक्षा करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राउरकेला में फैला डायरिया का मामला। मुख्यमंत्री ने बुलाएं समीक्षा बैठक। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक मंगलवार शाम को राउरकेला की स्थिति की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बीमारी के कारण और निदान की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि राउरकेला में डायरिया बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। जिसमें 6 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 500 से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। सैकड़ों लोगों को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, राउरकेला में डायरिया से होने वाली मौतों के कारण हैजा जीवाणु पाया गया है। राउरकेला से पानी एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजा गया। बताया गया है कि पानी की जांच से हैजा के वायरस का पता चला है। यह जानकारी आइजीएच की प्रभारी अधीक्षक डॉ सुधारानी ने दी। दूसरी तरफ राउरकेला नगर निगम आयुक्त की प्रेस वार्ता कहा कि अब तक 300 से 400 संक्रमित ठीक होकर घर जा चुके हैं। 287 मामलों का अभी भी विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में इलाज चल रहा है। शिकायत के अनुसार जिस स्थान पर पानी की पाइप फटी है, उसकी मरम्मत करायी जा रही है। हमने आज सुबह वॉटको के साथ चर्चा की। अब तक 35 लीकेज की मरम्म'त की जा चुकी है। अन्य 11 लीकेज की मरम्मत की जा रही है। जहां लोग शिकायत करेंगे, वहां तुरंत पाइप की मरम्मत करायी जायेगी।

# करोड़ों की ब्राउन शुगर जब्त, अपराध शाखा एसटीएफ ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार

- 1 किलो 80 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गयी है
- पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबारी के पास से 660 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अपराध शाखा एसटीएफ के पंजा में ब्राउनसुगर पेडलर। 1 किलो 80 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गयी है। राजेंद्र माझी को अपराध शाखा एसटीएफ ने क्योंझर जिले के जोडियाघाटी से गिरफ्तार किया। हालांकि, कोलकाता मुर्शिदाबाद से ब्राउन शुगर लाता था और क्योंझर जिले में इसका व्यापार करता था। जब्त की गयी ब्राउन शुगर का अनुमानित मूल्य एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। एसटीएफ के आइजी जय नारायण पंकज ने यह जानकारी दी। दूसरी ओर, विशेष अपराध यूनिट ने सोमवार को ब्राउन शुगर तस्कर को पकड़ लिया। ब्राउन शुगर के दो व्यापारी जलेश्वर क्षेत्र के बड़े मछली व्यापारी हैं। वह मुर्शिदाबाद से मछली की गाड़ी में ब्राउन शुगर लाता था और उसे भुवनेश्वर और खोरधा में सप्लाई करता था। कमिश्नरेट पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबारी के पास से 660 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गाड़ी को जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए दो मछली व्यापारियों के नाम सिराजुद्दीन खान और अजमेर खान हैं। ये जलेश्वर क्षेत्र के दो बड़े व्यवसायी हैं। अबतक 28 लोगों को गिरफ्तार किया है और विभिन्न इलाकों में 61 मामले दर्ज हैं।

# बांजूग के राजा के नेतृत्व में कैमरून के प्रतिनिधिमंडल ने सोआ का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बांजूग के राजा डॉ होनर जोमो कामगा के नेतृत्व में कैमरून से तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सोआ की दो दिवसीय यात्रा पर आया। राजा के साथ जर्मनी के हैंबर्ग में स्थित इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द लॉ ऑफ द सी के न्यायाधीश प्रोफेसर डॉ) मौरिस केंगने कामगा और कैमरून के डौआला में स्थित हैन्सियाटिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और एप्लाइड साइंसेज के मुख्य संस्थापक इनोसेंट टैक्टो फोकसो सोआ का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल ने सोआ फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल और कॉरपोरेट हॉस्पिटल सम अल्टीमेट मेडिकेयर का दौरा किया। बाद में, इनोसेंट टैक्टो फोकसो ने कहा, दोनों अस्पताल बहुत उच्च स्तर के हैं और जब दुआला में इस तरह के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की आवश्यकता होगी तो हम एक परियोजना शुरू करने की भी योजना बनायेंगे। पिछले फरवरी में, कैमरून के छात्रों को सोआ में प्रशिक्षित करने और विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए सोआ और HITAS के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये थे।










# ज्ञानवापी केस में मुस्लिम पक्ष को झटका इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता



**प्रयागराज।** ज्ञानवापी विवाद की कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दायर याचिकाओं के एक बैच को खारिज कर दिया, जिसमें वाराणसी अदालत में लंबित मंदिर बहाली की मांग करने वाले सिविल मुकदमे की स्थिरता को चुनौती दी गयी थी। हिंदू पक्ष के वादी के मुताबिक ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर का ही एक हिस्सा है। अदालत ने कहा कि यह मुकदमा, जो राष्ट्रीय महत्व का है, चलने योग्य है और धार्मिक पूजा स्थल अधिनियम, 1991 द्वारा वर्जित नहीं है। यह निर्णय पवित्र स्थल के आसपास चल रही कानूनी लड़ाई के लिए पर्याप्त निहितार्थ रखता है। अदालत ने आगे आदेश दिया कि मामले की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, निचली अदालत में मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाई जानी चाहिए। छह महीने के भीतर इसे समाप्त किया जाना चाहिए। कोई भी अंतरिम आदेश, यदि अस्तित्व में है, न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया है। यह फैसला एएसआई द्वारा जिला अदालत में मस्जिद परिसर पर एक सीलबंद कवर में एक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एक दिन बाद आया है। इसमें अगली सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तारीख तय की गई है। यदि आगे की जांच आवश्यक समझी जाती है, तो निचली अदालत एएसआई को निर्देश दे सकती है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र हिंदू मंदिरों में से एक है। यह वाराणसी में गंगा नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर के बगल में है। इसका निर्माण 17 वीं शताब्दी में मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा किया गया था। कुल पांच याचिकाएं थीं दाखिल इस मामले में कुल पांच याचिकाएं दाखिल थीं जिनमें सर्वे आदेश और स्वामित्व को लेकर विवाद था। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया और वाराणसी की कोर्ट को छह महीने में सभी मामले तय करने का निर्देश दिया है।

### क्या कहा हाइकोर्ट ने

हाईकोर्ट ने जिला अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे को पोषणीय माना है। कोर्ट ने कहा कि यह मुकदमा प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 से बाधित नहीं है।कहा कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 में धार्मिक चरित्र परिभाषित नहीं किया गया है। केवल पूजा स्थल व बदलाव को परिभाषित किया गया है। इस कानून में पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र तय करने की प्रक्रिया नहीं दी गयी है।

### आइएसआइ एजेंट लिंक ईशान बुखारी से एसटीएफ मुख्यालय में पूछताछ की जायेगी



**भुवनेश्वर।** इशान बुखारी भुवनेश्वर स्थित एसटीएफ मुख्यालय पहुंचे। 5 दिन की रिमांड पर लेकर आई एसटीएफ। पाकिस्तान आइएसआइ एजेंट लिंक की जांच करेगी एसटीएफ। इस बीच सेंट्रल आईबी की टीम भुवनेश्वर पहुंच गयी है। आतंकी संबंधों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गये बुखारी से सेंट्रल आईबी पूछताछ कर सकती है, जबकि 5 दिन की रिमांड आज से शुरू हो रही है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी पूछताछ कर सकती है। वहीं बुखारी के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आईं। सैयद ईशान बुखारी लव जिहाद के लिए शादी कर रहे थे। बताया गया कि लखनऊ में लव जिहाद के जरिए रियंका सिंह नाम की युवती से शादी की थी। इस संबंध में एसटीएफ ने लखनऊ पुलिस से जानकारी मांगी है।







# आइआइटी ने मनाया वार्षिक समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी भुवनेश्वर ने मंगलवार को भव्य तरीके से अपना वार्षिक समारोह मनाया है। वर्ष 2022 में स्थापित, यह स्कूल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर के परिसर में संचालित किया जा रहा है, जो संस्थान के सदस्यों और आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के कुलसचिव बामदेव आचार्य ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। अपने संबोधन में उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के युग में बच्चों में रचनात्मकता, नवाचार और आलोचनात्मक सोच विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को भविष्य का सामना करने के लिए तैयार करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सक्षम बनाने का आग्रह किया। डॉ श्रीनिवास भास्कर कारंकी, एसोसिएट प्रोफेसर, आइआइटी भुवनेश्वर इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और छात्रों को प्रेरित किया। इस उपलक्ष्य पर चक्रधर पृस्टी, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी भुवनेश्वर ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर माननीय अतिथियों द्वारा विजेताओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार दिये गये। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ गौतम मंडल, डॉ मनस्विनी बेहरा, डॉ किरणमयी लांडू, डॉ ऋषि मिश्रा, डॉ सपना खान, अभियंता रूपेश प्रधान ने उपस्थिति हुए। राजेंद्र प्रसाद, मानस घड़ाई, पल्ली मिश्रा, अनन्या षडंगी भी उपस्थित थे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**